हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 10 मार्च 2025, वर्ष- 08, अंक- 22, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com



पेज : 08

पर्दे से लेकर निजी जीवन तक, माधुरी दीक्षित नक किए दिलचस्प खुलासे




# विद्वतजनों के पोषण से भाषा का अस्तित्व और निरंतरता बनती है गौरवशाली : अमित शाह

### केंद्रीय गृह मंत्री ने 'सस्तु साहित्य' की 24 पुनः प्रकाशित पुस्तकों का विमोचन किया

**एजेंसी, अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को 'सस्तु साहित्य मुद्रणाल्य ट्रस्ट' के पुनः प्रकाशित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। 115 वर्षों से गुजरातियों को कम दरों पर अच्छा साहित्य प्रदान करने वाले सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम 'अखंड आनंदोत्सव' में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि किसी भी भाषा का अस्तित्व और निरंतरता तभी गौरवशाली रहती है, जब उसे आगे बढ़ाने और पोषित करने के लिए विद्वत जन आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धनराम त्रिपाठी, नर्मद, महात्मा गांधी, काकासाहब कालेलकर, नरसिंह मेहता और सुंदरम् जैसे अनेक गुजराती साहित्यकारों की साहित्य विरासत को संरक्षित और संवर्धित करना गुजराती भाषा के विद्वानों, प्रशंसकों और भाषाविदों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि गुजरात में पठन गतिविधियों को गति देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'वांचे गुजरात' अभियान चलाया था। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने जिलों और तहसीलों में पुस्तकालयों के लिए बड़ी रकम का आवंटन किया है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विद्वान लेखकों को साहित्य में सत्व यानी सद्गुणों को जोड़ने तथा पठन को और अधिक रोचक बनाने का काम करना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि केवल पठन ही विचारों की ऊंचाई प्राप्त करने और विचारों को सद्मार्ग की दिशा में मोड़ने का काम कर सकता है, दूसरा कोई नहीं। देश का भविष्य निर्धारित करने में स्कूलों में छात्रों की संख्या की तुलना में पुस्तकालय में मौजूद लोगों की संख्या का ज्यादा महत्व है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे या विद्यार्थी में बचपन से ही पढ़ने की आदत होगी और इंटरनेट के आकर्षणों के बीच भी पढ़ने की आदत



बनी रहेगी तो वह बच्चा जीवन में आने वाली किसी भी मुश्किल परिस्थिति या बाधाओं के बीच भी टिकने में समर्थ रहेगा। उन्होंने अपने बचपन के दिनों में पैतृक गांव की लाइब्रेरी के लाइब्रेरियन द्वारा दी गई सीख का उल्लेख करते हुए कहा कि पठन की यात्रा, कौतूहल-जिज्ञासा की संतुष्टि, पठन रुचि की जागृति, ज्ञान प्राप्ति और अंत में ज्ञान से मोक्ष प्राप्ति तक होती है। उन्होंने कहा कि यदि अपने जीवन का कल्याण करना हो तो पढ़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। भिक्षु अखंडानंद द्वारा शुरू की गई कम दरों पर साहित्य निर्माण और वितरण की वर्षों पुरानी परम्परा का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि भिक्षु अखंडानंद ने पठन के मूल्य को समझा और इसे सस्ता यानी किफायती बनाया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को आगे ले जाने और ज्ञान की वृद्धि करने में उपयोगी इन पुस्तकों-साहित्य को कम दरों पर लोगों तक पहुंचाया गया। पुनः प्रकाशित की गई 24 पुस्तकों में से अधिकतर पुस्तकों के अनेक संस्करण जारी हो चुके हैं, जो इन पुस्तकों की सफलता को दर्शाते हैं। उन्होंने भिक्षु अखंडानंद की औषधि निर्माण, सामयिक प्रकाशन और सस्ता साहित्य प्रकाशन जैसी अनेक गतिविधियों का स्मरण करते हुए भिक्षु अखंडानंद को शाब्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वर्तमान न्यासी मंडल और कार्यवाहकों द्वारा भिक्षु अखंडानंद की साहित्य प्रकाशन साधना को जारी रखने की कार्यपद्धति की भी सराहना की। अखंड आनंदोत्सव के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि 'सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट' की पुस्तकें हमारी शिक्षा, संस्कृति और साहित्य की विरासत हैं। श्री भिक्षु अखंडानंद की प्रेरणा से शुरू हुआ सस्तु साहित्य ट्रस्ट केवल प्रिंटिंग प्रेस ही नहीं, बल्कि हमारी शिक्षा और साहित्य को जीवंत रखने वाली संस्था है, हमारी विशिष्ट विरासत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1907 में स्थापित यह संस्था भाषा, साहित्य और शिक्षा की ज्योति के माध्यम से गत 116 वर्षों से समाज को मार्गदर्शन और प्रेरणा दे रही है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के बजट में 71 तहसील मुख्यालयों में नए पुस्तकालय शुरू करने के लिए 16 करोड़ रुपए और 53 आदिवासी क्षेत्रों में स्थित पुस्तकालयों में ई-लाइब्रेरी की सुविधाएं विकसित करने का आयोजन किया है। कार्यक्रम में अहमदाबाद की महापौर प्रतिभा जैन, वरिष्ठ साहित्यकार रघुवीर चौधरी, सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के न्यासी हर्षदभाई जे. शाह, परेशभाई अमीन और प्रशांतभाई अमीन, स्थानीय विधायकगण और प्रसिद्ध साहित्यकारों सहित बड़ी संख्या में साहित्य रसिक उपस्थित रहे।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ की तबीयत बिगड़ी, एम्स में भर्ती



**एजेंसी, नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73 साल) की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें देर रात सीने में दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई थी, जिसके चलते रविवार अलसुबह करीब 2 बजे उन्हें एम्स में भर्ती कराया किया गया। सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत होने के बाद रविवार करीब 2 बजे तड़के एम्स में भर्ती कराया गया है। कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में उनका इलाज किया जा रहा है। फिलहाल, उनकी हालत स्थिर बताई गई है। डॉक्टरों का एक समूह उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुए है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा ने उपराष्ट्रपति धनखड़ के स्वास्थ का हालचाल जानने एम्स पहुंचे। अस्पताल सूत्रों ने धनखड़ की हालत को स्थिर बताया है और इलाज जारी है। यहां बताते चलें कि सदा एक्टिव रहने वाले उपराष्ट्रपति धनखड़ अपनी बेबाकी के लिए भी जाने जाते हैं।

## यूपी के नेता राजा भैया पर पत्नी ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, एफआईआर दर्ज



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** यूपी के नेता रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ दिल्ली के सफदरजंग एंक्लेव थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। उनके खिलाफ उनकी पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने प्रताड़ना का आरोप लगाया था। भानवी पिछले लंबे समय से अपने पति से अलग रह रही हैं। भानवी की ओर से दिल्ली पुलिस को दी गई लिखित शिकायत में पति रघुराज प्रताप सिंह के खिलाफ शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। इसके साथ ही भावनी ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में फिलहाल जांच चल रही है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि यह मामला पहले क्राइम अगेंस्ट वुमेन सेल में चल रहा था और मीडिएशन सेंटर भी गया था। इसके बाद जब यह मामला थाने आया तो केस दर्ज किया गया है। एफआईआर के मुताबिक भानवी सिंह ने शिकायत में कहा है कि रघुराज प्रताप सिंह (राजा भैया) पिछले कई सालों से उनके साथ शारीरिक और मानसिक क्रूरता कर रहे हैं और हाल की मेडिकल रिपोर्ट से यह साबित होता है कि उनके पति द्वारा किए शारीरिक शोषण के कारण उनके अंग क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिससे उनकी जान को खतरा है।

## सीरिया में महिलाओं को नंगा घुमाया गोली मारी, 2 दिन में 1 हजार से अधिक की मौत

**एजेंसी, दमिश्क :** सीरिया एक बार फिर हिंसा की आग में जलने लगा है। यहां महिलाओं के सरेआम नंगा घुमाया जा रहा है उन्हे गोलियों से भून दिया जाता है। इस तरह अब तक एक हजार से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया है। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिसा हुई थी। गवाहों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया।बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। वहां सड़कों पर शव पड़े हुए थे। इमारतों की छतों पर भी लाशें देखी गईं। बंदूकधारियों ने नागरिकों को शवों को दफनाने से रोक रखा था। एक निवासी ने एपी को बताया, यह बहुत बुरा था। शव सड़कों पर



थे। लोग अपने शहर से भाग रहे थे। बंदूकधारी बिना किसी कारण के गोलियां चला रहे थे। घरों और कारों को भी जलाया जा रहा था। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरुआत की।

## टीम इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती

### न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, रोहित की कप्तानी में 9 महीने में दूसरा ICC खिताब

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा ICC खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए।रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले




में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई में खेला जा रहा है। टॉस जीतकर न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में सात विकेट खोकर 251 रन बनाए हैं। 252 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी हुई। गिल 50 गेंद में 31 रन बनाकर आउट हुए। कुछ गेंद के बाद विराट कोहली दो गेंद में एक रन ही बनाकर एलबीडब्ल्यू हो गए। रोहित 83 गेंद में 76 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंद में 48 रन की पारी खेली। उन्होंने अक्षर के साथ 61 रन की साझेदारी की लेकिन 39वें ओवर में सैंटनर का शिकार बने। अक्षर 40 गेंद में 29 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पांड्या 18 गेंद में 18 रन बनाकर आउट हुए।

## महंगाई के आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

**एजेंसी, मुंबई।** अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बैंकिंग तंत्र में तरलता बढ़ाने की घोषणा से स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह डेढ़ प्रतिशत से अधिक उछले घरेलू शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह वैश्विक रुख और फरवरी के महंगाई आंकड़ों से तय होगी। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1134.48 अंक अर्थात 1.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 74332.58 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 427.8 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22552.50 अंक पर रहा।

## सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी की दो टूक, बिल्कुल भी भरोसे लायक नहीं चीन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने एक कार्यक्रम में भारत की सुरक्षा, चीन और पाकिस्तान को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना तेजी से नई टेक्नोलॉजी को अपना रही है और हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

अगर चीन से कभी युद्ध की स्थिति बनती है, तब भारत कितना तैयार है, इस पर सेना प्रमुख ने कहा कि भारतीय सेना नई टेक्नोलॉजी को तेजी से अपना रही है। उन्होंने बताया कि भारत ड्रोन टेक्नोलॉजी सहित हर विकसित हो रही टेक्नोलॉजी पर काम कर रहा है। हमारे पास इसतरह के ड्रोन हैं, जो एके-47 फायर कर सकते हैं



और मिसाइल लांच कर सकते हैं। चीन की ओर से ड्रोन अटैक होने की स्थिति में भारत भी काउंटर अटैक के लिए पूरी तरह तैयार है। चीन पर भरोसा करे या नहीं, इस सवाल पर जनरल द्विवेदी ने दो टूक कहा कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी देश के हित में नहीं होता, लेकिन अगर ऐसी स्थिति आती है तब भारतीय सेना अपनी रणनीति और ताकत के हिसाब से पूरी तैयारी के साथ जवाब देने को तैयार है। आंतकी मुल्क पाकिस्तान को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा कि उसकी तरफ से आतंकवाद रोकने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इसकारण भारतीय सेना को हमेशा तैयार रहना होगा। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर, जहां कभी आतंकवाद का साया हुआ करता था, वहां आज लाखों की संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा, टेररिज्म से लेकर टूरिज्म तक का सफर तय किया है।

## यूपी में एक डॉक्टर के पास मिली 21 एमबीबीएस की डिग्रियां, दो गिरफ्तार

### पुलिस कर रही फर्जी डिग्रियों की जांच, डिग्री छापने वाले की तलाश जारी

**एजेंसी, गोरखपुर**

यूपी के गोरखपुर में एक डॉक्टर और उसके साथी के पास एमबीबीएस की 21 फर्जी डिग्रियां होने की जांच चल रही है। पुलिस टीम ने शिकोहाबाद और लखनऊ स्थित यूनिवर्सिटी में जाकर जांच पूरी कर ली है। इन दोनों यूनिवर्सिटी के नाम से जारी चार डिग्री फर्जी होने की पुष्टि हुई है। पुलिस अब अन्य सात यूनिवर्सिटी से संपर्क कर अन्य डिग्रियों की जांच में जुटी है। एमबीबीएस की 21 डिग्रियों की जांच के बाद पुलिस को आरोपियों के पास से मिलीं डी फार्मा की नौ डिग्रियों की जांच का काम शुरू करेगी। जांच पूरी होने के बाद पुलिस अपनी विवेचना में रिपोर्ट शामिल करेगी, ताकि साक्ष्यों के साथ चार्जशीट दाखिल की जा सके। एमबीबीएस और बीफार्मा की फर्जी डिग्री बनाने के मामले में पुलिस ने 24 फरवरी को खोराबार पीएचसी पर संविदा पर तैनात विकास कॉलोनी निवासी डॉ. राजेश कुमार और इसके साथी पठान टोला निवासी सुशील चौधरी को गिरफ्तार किया था। उनके पास से एमबीबीएस की 21 और डी फार्मा की नौ डिग्री बरामद की गई थीं। जांच में पता चला था कि डॉक्टर व उसके साथी ने लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, शिकोहाबाद



और छत्तीसगढ़ की यूनिवर्सिटी के नाम पर फर्जी डिग्री बनवाई है। जानकारी के मुताबिक पकड़े गए डॉ. राजेश कुमार ने खुद के लिए भी राजीव गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंस, कर्नाटक यूनिवर्सिटी के नाम से एमबीबीएस की डिग्री बनवाई थी। डॉक्टर के पास से इस यूनिवर्सिटी के नाम से तीन डिग्रियां मिली हैं। इसके अलावा लखनऊ के आयुर्वेदिक और यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड की दो, ओपीजेएस यूनिवर्सिटी चुरू, राजस्थान की दो, उत्तर प्रदेश फार्मेसी कांउसिल की एक, आईके गुजराल, पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी की दो, जेएस विश्वविद्यालय सिकोहाबाद की चार, आयुष एंड हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी ऑफ छत्तीसगढ़ की एक, आईएफटीएम यूनिवर्सिटी मुरादाबाद की तीन और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक की एक फर्जी डिग्री मिली है। वहीं डॉ राजेश के साथी सुशील चौधरी के पास से आयुर्वेदिक तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड, उत्तर प्रदेश बोर्ड की एक और चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ की एक फर्जी डिग्री मिली है।

## ओवैसी का बीजेपी और बीआरएस पर हमला: तेलंगाना के विकास की कोई परवाह नहीं



**एजेंसी, हैदराबाद ।** तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक से बीजेपी और बीआरएस के दूरी बनाए रखने पर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट करता है कि इन पार्टियों को तेलंगाना के विकास की कोई परवाह नहीं है। एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने कहा, कि कल तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित सर्वदलीय बैठक में राज्य के सभी सांसदों को आमंत्रित किया गया था, लेकिन दो केंद्रीय मंत्रियों समेत 8 बीजेपी सांसदों में से कोई भी इसमें शामिल नहीं हुआ। बीआरएस के नेता भी नहीं आए। उन्होंने इसे तेलंगाना के विकास के प्रति उदासीनता करार दिया है। ओवैसी ने केंद्र सरकार पर तेलंगाना की विकास परियोजनाओं को अटकलों में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा: आरआरआर रोड प्रोजेक्ट (हैदराबाद की यातायात समस्या के समाधान के लिए महत्वपूर्ण) को केंद्र से मंजूरी नहीं मिली। 24,000 करोड़ रुपये की मेट्रो रेल परियोजना के 5 कॉरिडोर अभी तक पेंडिंग हैं। मूसी रिवरफ्रंट और बापू घाट के विकास के लिए केंद्र से कोई सहायता नहीं मिली। शहरी विकास मंत्रालय को एक सीवरेज मास्टरप्लान दिया गया।

## सीपीसीबी की ताजा रिपोर्ट : महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा-यमुना का पानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि हाल ही में संपन्न हुए महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में प्रस्तुत की गई है, जिसमें कहा गया है कि आंकड़ों के विश्लेषण में पानी की गुणवत्ता प्रमुख मानकों पर खरी उतरी है। एनजीटी में पेश की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि डेटा वेरिएबिलिटी के कारण सांख्यिकीय विश्लेषण (स्टेटिस्टिकल एनालिसिस) आवश्यक था, क्योंकि अलग-अलग तारीखों पर और विभिन्न स्थानों से लिए



गए सैंपल में भिन्नता पाई गई थी। इस कारण पूरे नदी क्षेत्र की जल गुणवत्ता का सही आकलन करना कठिन हो गया था। हालांकि, रिपोर्ट को 28 फरवरी को तैयार किया गया था, लेकिन इसे एनजीटी की वेबसाइट पर 7 मार्च को अपलोड किया गया। सीपीसीबी ने महाकुंभ के दौरान 12 जनवरी से हर सप्ताह दो बार जल की गुणवत्ता की निगरानी की। गंगा नदी पर पांच स्थानों और यमुना नदी पर दो स्थानों पर विशेषज्ञ समिति द्वारा यह परीक्षण किया गया। महाकुंभ का समापन हो चुका है, लेकिन इस दौरान नदियों के पानी में स्नान को लेकर कई सवाल उठे थे। कुछ रिपोर्टों में कहा गया था कि पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त नहीं थी। 17 फरवरी को सीपीसीबी ने एनजीटी को सूचित किया था कि विभिन्न स्थानों पर पानी की गुणवत्ता समय-समय पर स्नान के मानकों पर भी खरी नहीं उतरी। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि महाकुंभ के दौरान बड़ी संख्या में लोगों के स्नान करने से फेकल स्तर में वृद्धि हुई थी, जिससे जल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती थी। इस मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सौरभ तिवारी कोर्ट में पेश हुए थे। यह रिपोर्ट जल प्रदूषण की स्थिति और भविष्य में नदियों की गुणवत्ता सुधार के उपायों के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है।

हर खबर पर पैनी नजर
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



संक्षिप्त समाचार

## 31 मार्च तक प्रदेश के सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति पूरा करने का कांग्रेस ने लिया फैसला

**पटना।** आगामीविधानसभा चुनाव में अपना दमखम दिखाने की बिहार कांग्रेस की कबायद जारी है। इसी कड़ी में रविवार को पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में जिला अध्यक्षों की बैठक बुलायी गई जिसमें चुनाव के मद्देनजर जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने प्रदेश के सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति जल्द पूरी करने की हिदायत दी। इसके लिए 31 मार्च की अंतिम तिथि सर्वसम्मति से निर्धारित की गई। मालूम हो कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बूथ स्तर पर कमिटी बनाने की कबायद शुरू की गई थी जिसके लिए नये सिरे से जिला अध्यक्षों एवं प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव के तैयारी की विवशता के कारण सभी बूथों पर बीएलए की नियुक्ति पूरी नहीं हो पायी थी। इसी को ध्यान में रखते हुए आज की बैठक बुलाई गयी थी। जो जिला अध्यक्ष इस काम को पूरा कर चुके थे जैसे बेगूसराय, कैमूर आदि उनकी सराहना की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने चुनावी राजनीति में संगठन की धार को मजबूती देने के लिए बीएलए की नियुक्ति को आधारभूत जरूरत बताया। प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने 31 मार्च तक इस कार्य पूरा न होने पर अथवा खानापूर्ति की कोशिश पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की बात कही। बैठक में चुनावी रणनीति पर भी मंथन किया गया एवं जिला अध्यक्षों की परेशानिओं को दूर कर उन्हें हर सुविधा से लैश करने पर जोर दिया गया। बैठक में एआईसीसी के प्रभारी सचिव के रूप में शाहनवाज आलम एवं सुशील पासी भी मौजूद थे। प्रदेश के 40 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्षों के अलावा ब्रजेश पाण्डेय, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़ बैठक में मौजूद रहे।

## भूमिहार महिला समाज के रंग धनक में फूलों की होली, खूब उड़े रंग गुलाल



**पटना।** भूमिहार महिला समाज के रंग धनक में फूलों की होली खेली गयी। होली के खूब रंग गुलाल उड़े। दीप प्रज्ज्वलन के बाद होली के गीतों से माहौल में उत्साह काफी बढ़ गया। फगुआ गायन प्रज्ञा वात्स्यायन ने किया। राधा कृष्ण की भूमिका में कृति और पीहू ने शानदार डांस पेश कर महिलाओं को झूमा दिया। सगुना मोड़ के पनाश बैंक्वेट हाल में खूब कही भाई खूब कही की प्रस्तुति ने जबर्दस्त हंसाया। किंग आफ डांस के बच्चों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। गोरिया कर के श्रृंगार अंगना में पीसे ली हरदिया, योगी जी वाह योगी जी, बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी जैसे गीतों ने समां बांध दिया। भूमिहार महिला समाज की संरक्षक प्रीति प्रिया ने इस मौके पर कहा कि होली शांति सद्भाव से प्रेम उल्लास का त्योहार है। इसकी खुशियां मिल बांट कर मनाना चाहिए। इस मौके पर बी एम एस की भावना भूषण, विधु रानी,गुंजिता बच्चन,भावना भारद्वाज, प्रज्ञा वात्सायन,संगीता कुमारी,सन्ध्या सरकार, शांभवी, नेहा,रश्मि,निशा,नूतन,अर्चना आदि सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया "फूलों की होली"



**पटना।** श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के द्वारा पारंपरिक होली के शुभागमन के पूर्व बड़े धूमधाम से "होली महोत्सव" कार्यक्रम की शुभारंभ उप-मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा किया गया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि नंदकिशोर यादव "विधानसभा अध्यक्ष", रामकृपाल यादव "पूर्व सांसद", संजीव चौरसिया "विधायक", जनक राम "मंत्री" मौजूद थे।श्री दशहरा कमिटी के अध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि "विगत 68 सालों से रावण दहन के कार्यक्रम को आयोजित करने के साथ पिछले दो वर्षों से कमिटी ने "श्री कृष्णा महोत्सव" एवं "होली मिलन" के कार्यक्रम को बड़े धूम धाम से मनाना शुरू किया खासकर इस परंपरागत त्यौहार को शिव पार्वती, भगवान सीता राम एवं राधा कृष्ण के स्वरूपों के साथ इस पावन पर्व की शुरुआत की है।कमिटी के चेयरमैन कमल नोपानी ने बताया कि "इस बार दशहरा कमिटी ने 8 मार्च को महिला दिवस भी होने के कारण अपने सभी महिला सदस्यों के साथ होली मिलन के कार्यक्रम में "फूलों की होली" के साथ मनाया गया।शाहपुर घराना के पिंकु पाण्डेय अपने पूरे टीम के साथ गायन की प्रस्तुति दी...इन्होंने होली के गीतों से पूरे माहौल को रंगीन कर दिया।इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक शिशिर कुमार सह-संयोजक मुकेश नंदन एवं अमित चंद्रा, कोषाध्यक्ष डॉ धनंजय कुमार, सदस्य मनीष सिन्हा, उपाध्यक्ष प्रिंस कुमार राजू,सुषमा सा0हू, अशु गुप्ता, सुजय सौरभ, राजेश बजाज, राजीव रंजन, शंभू बाबा इत्यादि सदस्यों ने बड़े धूम धाम से होली महोत्सव को मनाया।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिल उठे चेहरे, मुख्यमंत्री ने सौंपा नियुक्ति पत्र

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** बीपीएससी शिक्षक भर्ती फेज-3 अभियान में चयनित हुए कुल 51,359 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए । रविवार को सुबह 11 बजे गांधी मैदान में प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मौजूद रहे। करीब 10 हजार शिक्षकों को गांधी मैदान में और अन्य शिक्षकों को अलग-अलग जिलों में आयोजित समारोह में नियुक्ति पत्र सौंपे गए। उन्होंने समारोह में कुल 10 हजार 739 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। इस नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में सभी जिलों के अभ्यर्थियों को वीसी के माध्यम से जोड़ा गया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा, '2005 से पहले क्या स्थिति थी। शाम में कोई बाहर नहीं निकलता था। पटना में भी कोई बाहर नहीं निकलता था। आज कितना बढ़िया लग रहा है। लड़का-लड़की सब बराबर है। पहले की सरकार महिलाओं पर ध्यान नहीं देती थी। हमलोगों ने खूब आगे बढ़ाया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि आज यहां हजारों की संख्या में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया है। सभी को बधाई देते हैं। शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है। जब सीएम नीतीश कुमार ने बिहार की बागडोर संभाली तो बहुत कमियां थी। आज बिहार में शिक्षकों की संख्या 6 लाख से ज्यादा है।'

# फतुहा विधानसभा का अगला विधायक कौन

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।** बिहार में चुनाव की सरगर्मी शुरू हो चुकी है। इसके साथ ही विभिन्न दलों एवं स्वतंत्र रूप से चुनाव मैदान में उतरने वाले भावी उम्मीदवारों के नाम सामने आने लगे हैं। जिन नाम पर विशेष चर्चा है उनमें वर्तमान विधायक रामानंद यादव, एवं पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर सत्येंद्र सिंह, पूर्व प्रत्याशी सुधीर कुमार यादव शामिल हैं। इनके अलावे इस बार संजीव यादव, टुनटुन यादव, प्रशांत किशोर, रंजीत कुमार यादव,चांदनी कुमारी ,गौरी शंकर, विजय यादव, बब्लू कुमार यादव इत्यादि के नाम विशेष तौर पर चर्चा में है। अब देखना यह है कि इस बार फतुहा विधानसभा की जनता किस नाम पर अपना मुहर लगाती है, यह सभी पूर्ण रूप से सक्रिय हैं।

**अभी तक फतुहा विधायकों की सुची ?-**

| | | |
|---|---|---|
| 1952 | देवशरण सिंहा | कांग्रेस |
| 1957 | शिव महादेव | पीएसपी |
| 1962 | कौलेशर दास | कांग्रेस |
| 1967 | रामचन्द्र प्र | जनसंघ |
| 1972 | कामेशवर पा | जनसंघ |
| 1977 | कामेशवर | जनता पार्टी |
| 1980 | पुनीत राय | जेपीएससी |
| 1985 | पुनीत राय | लोकदल |
| 1990 | पुनीत राय | जनता द |
| 1995 | पुनीत राय | जनता द |
| 2000 | दिनेश चौधरी | राजद |
| 2003 | ओम प्रकाश | राजद |
| 2009 | सरयुग पासवान | जदयू |
| 2009 | अरुण मांझी | जदयू |
| 2014 | रामानंद यादव | अभी तक |

## होली पर बिहार में नौकरियों की बौछार : प्रभाकर मिश्र

नई सोच एक्सप्रेस

» मुख्यमंत्री ने शिक्षक अभ्यर्थियों को दिया होली गिफ्ट
» तेजस्वी के झूठे दावों की खुली पोल

**पटना ।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि बिहार में नौकरी और रोजगार का स्वर्णिम काल चल रहा है।एनडीए सरकार में नौकरियों की बहार है। इस बार बिहार में होली पर नौकरियों की बौछार हो रही है। श्री मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि युवाओं को नौकरी और रोजी-रोजगार प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को शिक्षक अभ्यर्थियों को होली गिफ्ट दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को पटना के गांधी मैदान में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बीपीएससी से तीसरे चरण की बहाली में चयनित 51,389 शिक्षक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। श्री मिश्र ने कहा कि एनडीए की सरकार ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने में रिकॉर्ड स्थापित किया है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई युवा बेरोजगार न रहे। यह लक्ष्य शीघ्र ही हासिल कर लिया जाएगा। श्री मिश्र ने कहा कि एक तरफ नियुक्ति पत्र पाकर शिक्षक अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशियों के रंग हैं, वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और विपक्षी दलों के नेताओं के चेहरे के रंग उड़ गये हैं। असल में विपक्षी दलों के नेताओं ने सिर्फ युवाओं को गुमराह करने की कोशिश की। लेकिन, बिहार के युवा हर फरेबी को पहचानते हैं। नौकरी देने के झूठे दावे करनेवाले तेजस्वी यादव की पोल अब खुल चुकी है। आलम यह है कि बिहार के युवा तेजस्वी यादव का चेहरा देखना नहीं चाहते।

# सामाजिक और बौद्धिक संगठनों के साथ बिहार कांग्रेस प्रभारी एवं बिहार अध्यक्ष ने की अहम बैठक

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने अपने सामाजिक पटल के विस्तार और सांगठनिक मजबूती के लिए आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राज्य के विभिन्न सामाजिक और बौद्धिक संगठनों के प्रभारी कृष्णा अल्लवारू और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ अहम बैठक आहूत की गई। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लवारू ने अपने संबोधन में कहा कि सिविल सोसायटी के लोगों से कांग्रेस को बहुत सारी अपेक्षाएं हैं और हम उनकी अपेक्षाओं में खरे उतरने की कोशिश करेंगे। आज देश में जो अराजक माहौल बना है उसे सुधारने में सिविल सोसायटी के लोग अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सिविल सोसायटी के सदस्य हमारे पार्टी के मैनिफेस्टो निर्माण उर डोर टू डोर अभियान में सहयोगी के तौर पर मिलकर काम करें। साथ ही वोटर लिस्ट पंजीकरण अभियान और बूथ कमिटी निर्माण में सहयोग करें। सामाजिक संगठनों के साथ कांग्रेस मजबूती से खड़ी रहेगी। सिविल सोसायटी के विभिन्न लोगों ने अपनी बातों को प्रभारी कृष्णा अल्लवारू और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह के समक्ष रखी जिनको उन्होंने ध्यान से सुना और उनपर काम करने की पहल भी की। बैठक में बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्तमान दौर में कांग्रेस को सामाजिक तौर पर मजबूत करने में स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों और सिविल सोसायटी के बौद्धिक वर्गों की बेहद जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज बिहार राज्य कोल्ड स्टोरेज की कमी, किसानों की आमदनी में कमी, बिहार की प्रति व्यक्ति आय के निम्न होने और पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की बात लगातार कहने वाली भाजपा नेतृत्व वाली नरेंद्र मोदी सरकार ने बंटाधार कर रखा है। कांग्रेस की ओर से सदन में भी कांग्रेस के सदस्यों ने इस समस्या को उठाया। नीति आयोग की सरकारी रिपोर्ट में भी बिहार के बदहाल स्थिति को बताया गया। राज्य में उद्योग धंधे बंद पड़े हैं। इसको शुरू करने के लिए राज्य और केंद्र की सरकार ने कुछ कदम नहीं उठाए। बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकर बोली लगाकर चले जाते हैं लेकिन समस्याएं मुंह बाएं खड़ी रहती है। कार्यक्रम का संयोजक रिसर्च विभाग के चेयरमैन और प्रवक्ता आनन्द माधव ने कहा कि कहीं ना कहीं हम सब एक ही उद्धेश्य से लड़ रहे हैं लोकिन अलग अलग। हमें साथ चलनें की जरूरत है, जिससे इस कुशासन एवं अलोकतांत्रिक शासन का अंत हो। बैठक का संचालन रिसर्च विभाग की डॉ मधुबाला ने किया। सामाजिक संगठनों और बौद्धिक वर्ग के साथ बैठक में बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लवारू, बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, प्रभारी सचिव द्वय सुशील कुमार पासी और शाहनवाज आलम, एआईसीसी संचार विभाग के संयोजक अमिताभ दुबे, रिसर्च विभाग के चेयरमैन और प्रवक्ता आनंद माधव, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, डॉ मधुबाला, डॉ शशि सिंह, कुमार गौरव सहित सिविल सोसायटी के अनिल राय, अक्षय कुमार, सिस्टर डॉरथी, चंद्र भूषण, लीमा जॉर्ज, नवेंदु जी, रूपेश जी, डा महेंद्र यादव, रामाशीष रॉय, राजीव कुमार, सिस्टर डोरोथी फर्नांडीज, सुरेश कुमार, स्वप्न मजूमदार, प्रदीप प्रियदर्शी, तारकेश्वर सिंह, डॉ राधे श्याम, मधुर कुमार, अशोक प्रियदर्शी, धनंजय कुमार, विजय कांत सिंहा, उमांशंकर सहनी, अरशद अजमल, राकेश रॉय, अफजल अहमद, प्रमोद शर्मा सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहें।

# सोनपुर विधानसभा 2025: जदयू से आचार्य राहुल परमार सबसे प्रबल दावेदार, भाजपा-राजद के लिए चुनौती

नई सोच एक्सप्रेस



**सोनपुर।** बिहार की राजनीति में सोनपुर विधानसभा हमेशा से चर्चाओं में रही है। इस बार 2025 के विधानसभा चुनाव में जदयू के संभावित प्रत्याशी और सोनपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी आचार्य डॉ. राहुल परमार सबसे प्रबल दावेदार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। जदयू की ओर से उन्हें संगठनात्मक रूप से मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है और उनकी लगातार बढ़ती सक्रियता ने उन्हें इस सीट का सबसे मजबूत उम्मीदवार बना दिया है।

**आचार्य राहुल परमार – जदयू की सबसे बड़ी उम्मीद**-मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी और जदयू के मजबूत संगठनकर्ता – आचार्य राहुल परमार पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से जुड़े हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों को मजबूती से सोनपुर में स्थापित कर रहे हैं। बड़े पैमाने पर जनसंपर्क अभियान – उन्होंने सोनपुर के गांव-गांव में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है और लगातार जनता के बीच जदयू की नीतियों का प्रचार कर रहे हैं।

महागठबंधन में जदयू का बढ़ता प्रभाव – चूंकि सोनपुर विधानसभा में यादव और राजपूत मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं, ऐसे में जदयू के पास एक मजबूत संगठनात्मक ढांचा है, जिसका फायदा राहुल परमार को मिल सकता है। नीतीश कुमार के विकास मॉडल का प्रचार – क्षेत्र में उन्होंने मुख्यमंत्री के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान छेड़ रखा है, जिससे मतदाताओं में उनकी लोकप्रियता बढ़ रही है। बड़ा जनाधार और सामाजिक समीकरण – वे ब्राह्मण समुदाय से आते हैं और हर जाति-वर्ग के बीच पैठ बनाने में सफल रहे हैं।

**सोनपुर में जदयू का बढ़ता प्रभाव**-हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्मदिन पर सोनपुर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसकी अगुवाई आचार्य राहुल परमार ने की थी। इस आयोजन से उनकी संगठन क्षमता और राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन हुआ। अगर जदयू से टिकट मिलता है, तो सोनपुर में मुकाबला पूरी तरह बदल सकता है।

भाजपा में दावेदारों की लंबी **सूची, लेकिन कोई स्पष्ट चेहरा नहीं**-हालांकि भाजपा से विनय कुमार सिंह सबसे मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं, लेकिन उनके अलावा भी कई लोग टिकट के लिए जोर लगा रहे हैं—

ओम कुमार सिंह – बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार सिंह के ससुर, संगठन में सक्रिय।

विनोद सम्राट – स्थानीय भाजपा नेता।

उपेंद्र कुमार सिंह – भाजपा के वरिष्ठ नेता महाचंद्र सिंह के करीबी।

डॉ. पंकज कुमार सिंह – भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह के पुत्र।

लोकसभा चुनाव में सारण से राजीव प्रताप रूडी की जीत के बावजूद, सोनपुर विधानसभा में भाजपा राजद से पीछे रह गई थी। इससे भाजपा के लिए यह सीट चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

**राजद में टिकट को लेकर असमंजस, रोहिणी आचार्य का नाम सबसे आगे**-राजद में मौजूदा विधायक रामानुज राय का टिकट कटना तय माना जा रहा है। इस सीट से लालू यादव की बेटी डॉ. रोहिणी आचार्य को चुनाव लड़ाने की चर्चा जोरों पर है।

**हालांकि, राजद के अन्य नेता भी टिकट के लिए प्रयासरत हैं—**

राजन कुमार राय – स्व. सिपाही लाल राय के बेटे, क्षेत्र में सक्रिय।

अन्य यादव नेता, जो पार्टी से टिकट पाने के लिए जोर लगा रहे हैं।

जातीय समीकरण और जदयू की रणनीति

यादव और राजपूत मतदाता इस सीट के निर्णायक कारक हैं।

भाजपा के पास राजपूत वोटों का एक मजबूत आधार है, लेकिन जदयू इस पर सेंध लगाने की कोशिश कर सकता है। अगर जदयू से राहुल परमार चुनाव लड़ते हैं, तो वे यादव, ब्राह्मण और अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं को एकजुट कर सकते हैं।

**क्या होगा 2025 में सोनपुर विधानसभा का समीकरण**?- अगर जदयू से आचार्य राहुल परमार मैदान में उतरते हैं, तो भाजपा और राजद दोनों के लिए यह चुनाव बेहद मुश्किल हो सकता है।

भाजपा के सामने अपने मतदाताओं को एकजुट रखना सबसे बड़ी चुनौती होगी। राजद यादव वोटों पर फोकस करेगी, लेकिन ब्राह्मण और अन्य जातियों के वोटों में सेंध लगाने में मुश्किल होगी। जदयू अगर सही रणनीति अपनाता है, तो यह सीट उसके खाते में जा सकती है।

**निष्कर्ष**-सोनपुर विधानसभा चुनाव 2025 में अब तक जो समीकरण बन रहे हैं, उनमें आचार्य राहुल परमार की स्थिति सबसे मजबूत मानी जा रही है। अगर जदयू उन्हें उम्मीदवार बनाती है, तो वे भाजपा और राजद दोनों के लिए कड़ी चुनौती पेश कर सकते हैं। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि जदयू इस सीट से किसे अपना उम्मीदवार बनाती है।

# डबल इंजन सरकार के कारण राज्य के रोजगार और राजस्व में हुआ उल्लेखनीय सुधार : विजय कुमार सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस

**2010 से भी करारी शिकस्त के लिए तैयार रहे विपक्ष : विजय कुमार सिन्हा**

» देश में आज बिहार की बदहाली नहीं बल्कि विकास की होती है चर्चा : विजय कुमार सिन्हा
» विपक्ष के पास विकास के विरासत, विजन और विश्वास तीनों का अभाव : विजय कुमार सिन्हा

**पटना ।** बिहार के उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि झारखंड के अलग होने के बाद जिस बिहार की बद हालियों की भविष्यवाणी की जाती थी। आदरणीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में चलने वाली NDA सरकार के प्रयासों से आज बिहार में रोजगार और राजस्व की स्थिति में हुए उल्लेखनीय सुधार की चर्चा होती है । श्री सिन्हा ने कहा कि राज्य में बेजोड़ वित्तीय प्रबंधन के साथ बीते दो दशक में बजट का आकार 14 गुना बढ़ा है । बिजली की खपत में 11 गुना बढ़ोतरी हुई है । हर पंचायत और परिवार तक डिजिटल पहुंच सुलभ हुई है । पहले जहां बिहार के लोग रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन के लिए विवश थे, वहीं आज हम अपने युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन कर पा रहे हैं । पंचायती राज में 50 % और रोजगार में 35 % महिला आरक्षण जैसे प्रयासों से बिहार महिला सशक्तिकरण के कारण आज देशभर में एक नजीर बन गया है । बीते एक साल के अंदर राज्य में साढ़े तीन गुना तेज गति से नए उद्योग लगे हैं । ये तमाम आंकड़े हमारी डबल इंजन सरकार के विजन में विश्वास और नीतिगत निरंतरता की निशानी हैं । श्री सिन्हा ने आगे कहा कि वहीं दूसरी ओर परिवार , जाति और दूसरों की उपलब्धियों की परजीविता पर राजनीति करने वाले लोगों की जमात है । न उनके पास विकास की विरासत है, न कोई विजन है और न ही जनता का विश्वास है । ट्विटर पर स्क्रिप्टेड बातें करने वाला एक शहजादा है और साथ में विलुप्त हो रही एक राष्ट्रीय पार्टी तथा आरजकता के कुछ अग्रदूत हैं । यही वो लोग हैं जिन्होंने करीब 6 दशकों तक बिहार को अपराध और अराजकता के अंधेरे में जीने को विवश किया । हर बिहारी को गोली या गाली का विकल्प चुनने पर मजबूर किया । इनके दौर में कश्मीर के आतंकी हमलों से कहीं ज्यादा लोगों की जाने जातीय नरसंहारों में चली गईं । जब देश में सॉफ्टवेयर हब बन रहे थे तब ये लोग चरवाहा विद्यालय खोल रहे थे । जब दूसरे राज्यों में नए-नए उद्योग-धंधे लग रहे थे, तब इनके जंगलराज के संरक्षण में संगठित अपहरण उद्योग चलाया जा रहा था । आज ये 'अर्ध साक्षर' शहजादे सदन में झूठे आंकड़ों से उन स्याह सच्चाइयों पर पर्दा डालने की कोशिश में जुटे हैं । ये बिहार की जनता को बरगलाने की जो नाकाम कोशिश कर रहे हैं , वह आने वाले चुनाव में इन्हें ही भारी पड़ने वाली है । 2010 से भी करारी शिकस्त इनका इंतजार कर रही है ।

# भाजपा नेता मनीष सिन्हा ने पारिवारिक होली मिलन समारोह का किया आयोजनः सांसद रविशंकर प्रसाद, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा समेत दिग्गज नेताओं का हुआ जुटान

नई सोच एक्सप्रेस

» होली मिलन समारोह में गीत-संगीत और हास्य का लगा तड़का, स्टैंडअप कॉमेडियन प्रियेश सिन्हा ने लोगों को खूब गुदगुदाया
» गायिका खुशी ककड़ और गायक मास्टर आर्यन बाबू ने होली के गीतों से लोगों को किया सराबोर



**पटना।** बिहार भाजपा एनआरबी सेल के संयोजक मनीष सिन्हा द्वारा रविवार को कंकड़बाग स्थित अवसर हॉल में पारिवारिक होली मिलन समारोह का आयोजित किया। होली मिलन समारोह में पटना के हजारों आम व खास लोग शामिल हुए। जिन्होंने होली के गीतों को गाकर लोगों को होली की शुभकामनाएं दी। इस होली मिलन समारोह में पटनासाहिब सांसद रविशंकर प्रसाद, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल और विधायक अरुण सिन्हा पधारे। सभी अतिथियों को मनीष सिन्हा ने गेट पर रिसिव किया और गुलाल टीका लगाकर उनका स्वागत कर होली की शुभकामनाएं दी। होली मिलन समारोह में गीत-संगीत और हास्य की महफिल भी सजी। मुंबई से आये लाफ्टर चैलेंज के मशहूर स्टैंड अप कॉमेडियन प्रियेश सिन्हा ने अपने हास्य व्यंग से लोगों को खूब गुदगुदाया। वहीं, गायिका खुशी ककड़ और गायक मास्टर आर्यन बाबू ने होली के गीतों से कार्यक्रम में समा बांधा दिया और लोगों को खूब नचाया। मनीष सिन्हा ने कहा कि पारिवारिक होली मिलन समारोह की थीम 'महिला सशक्तिकरण' है, जो प्रधानमंत्री मोदी के महिलाओं के प्रति विजन और उनकी सोच को दर्शाता है। यह समारोह न केवल होली के त्योहार को मनाने का अवसर है, बल्कि यह महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने का एक मंच भी रहा। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व लोगों के लिए सुख,शांति, समृद्धि प्रगति और विकास का संदेश लेकर आये ऐसी मेरी कामना है।

## संक्षिप्त समाचार

### रंगोत्सव कार्यक्रम में बही फगुआ की बयार और पारंपरिक और सांस्कृतिक गीतों एवम नृत्य की झलक



**पटना।** मृदंगम स्कूल ऑफ आर्ट्स के द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम (रंगोत्सव) का आयोजन कुमहरार स्थित सरपंच वाटिका में आयोजित किया गया। जिसमें बड़े ही हर्षोल्लास के साथ युवक युक्ति ने होली के गीतों पर झूमते नजर आए तो वहीं बुजुर्ग भी ठंडाई और मालपुआ का आनंद लेते हुए रंग उत्सव का आनंद उठाए। रंगउत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा कला समिति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वरुण सिंह एवं निर्देशिका नीलम कर्ण के द्वारा किया गया। होली मिलन कार्यक्रम में सांस्कृतिक और धार्मिक सद्भावना की झलक मिली। वहा उपस्थित जनसमूह केवल चंदन और फूलों की होली खेलते नजर आई साथ ही गीतों एवम नृत्यों में भी गांव की खुशबू,फगुआ का बयार और होली के सांस्कृतिक एवम पारंपरिक नृत्यों की ही झलक देखने को मिली जो होली की खूबसूरती को दर्शा रहा था। मिरदंगम स्कूल ऑफ़ आर्ट्स के निर्देशिका नीलम कर्ण ने आये लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। इस बीच डि जे के साथ लोगों द्वारा होली गीत की प्रस्तुति की गयी। लोगों ने जमकर होली गाकर होली मिलन समारोह का आनंद लिया। इस मौके पर मृदंगम परिवार के हेमचंद कर्ण, पीयूष, मेधा कर्ण, तृशा कर्ण, नम्या, अमित राठौर, सन्नी सिन्हा, प्रणव एवं नमिता के साथ साथ कई गणमन लोग मौजूद हुए।

### छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मन के हारे हार है और मन के जीते जीत यह कथन को साकार कर रही है प्रो आशा त्रिपाठी एवं अनुपमा सिंह अखिल भारतीय महिला परिषद के बिहार इकाई की कमान प्रो आशा के हाथ मे है इन्होंने श्री अरविंद महिला कॉलेज में लम्बी सेवा के बाद अवकाश प्राप्त कर हार नही मानी और लग गयी है शिक्षा के अलख जगाने में इन्होंने व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रही बेटियों को गोद लिया और उनकी मदद के लिए दस दस हजार का चेक प्रदान किया । चेक मिलने के बाद छात्राओं की चेहरे की चमक बता रही थी कि प्रो आशा ने इन छात्राओं के लिए आशा की किरण है । प्रो साधना ठाकुर प्रचार्या श्री अरविंद महिला कालेज पटना ने छात्राओं को हौसला बढ़ाते हुये कहा कि शिक्षा जीवन का सबसे बड़ी पूँजी है । हम महिला पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर चलना चाहती है । हमे अपनी सोच में बदलाव लाने की जरूरत है । आज महिलाए सेना में पुलिस जैसे कठिन कार्यो में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही है । वही अनुराधा सिंह ने कहा कि हमे हमेशा समाज के बेहतरी के लिए कार्य करना ही चाहिए । देश के चर्चित गांधीवादी प्रेम जी संस्थापक प्रेम यूथ फाउंडेशन ने कहा कि महिलाओ के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार सभ्य समाज के लिए कलंक है । दहेज प्रथा, वाल विवाह, कन्या भूर्ण हत्या को लेकर जन चेतना जगाने की जरूरत है । महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना जरूरी है । भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय मेरा युवा भारत के राजयनिदेशक एसपी सिंह ने कहा कि जगत जननी नारी शक्ति के सहयोग और सहभागिता के बल पर ही भारत 2047 मे विकसित भारत बनेगा । कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सपना बरुया ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रेम यूथ फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर प्रेरणा विजय ने किया । मौके पर डॉ गीता कुमारी, पामीर सिंह, एसआई अनु कुमारी, राष्ट्रीय खिलाड़ी व पत्रकार नीलम वर्मा, अदिति राज, इशिका कुमारी, शबया प्रवीण समेत सैंकड़ो छात्राओं ने भाग लिया ।

### कस्तूरी सम्मान से सम्मानित हुई 51 महिलाएं

» ट्रस्ट ने 100 जरूरतमंद बच्चों के बीच किया कपड़ा और ड्राई फ्रूट का वितरण



**पटना।** कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा चौथे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही ट्रस्ट द्वारा कस्तूरी विद्यालय के अंतर्गत पढ़ने वाले 100 बच्चों के बीच टीशर्ट, कैप, अबीर व ड्राई फ्रूट का वितरण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पटना की मेयर सीता साहू ने कहा कि समाज सेवा को समर्पित यह संस्था जनहित में बेहतर कार्य कर रही है और लोगों को फायदा पहुँचा रही है। कस्तूरी नृत्यांगन चैरिटेबल ट्रस्ट की संचालिका मौसम शर्मा ने कहा कि ट्रस्ट के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसके तहत महिलाओं को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि आज वैसी 51 घरेलु महिलाओं को सम्मानित किया गया है जो अपने पुरे घर को सही से संभालते हुए उन जरूरतमंद लोगों की भी सहायता करती है जिनको सही मायने में मदद की जरुरत है। उन्होंने कहा कि हम पिछले कई सालों से महिलाओं और बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए निरंतर काम करते आ रहे हैं। इसी कड़ी में हमने कस्तूरी विद्यालय की भी नींव रखी है। ट्रस्ट से जुड़े अथिति रीमा सिंह, वीणा गुप्ता, नम्रता सिंह, चंदा गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फर्स्ट स्टेप स्कूल में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राजधानी पटना के साधनापुरी स्थित फर्स्ट स्टेप स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, जहां अलग-अलग क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। साधनापुरी में फर्स्ट स्टेप स्कूल की नयी शाखा का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिक्षिका एवं कवियत्री नूतन सिन्हा, यूनाईटेड न्यूज ऑफ इंडिया के उप संपादक प्रेम कुमार, पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता प्राची राज और उद्घोषक रंजन कुमार की गरिमामयी उपस्थित रही। आंगतुक अतिथियों ने फीता काटकर और दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद मधु और काजल ने सरस्वती वंदना की। मौके पर सभी आंगतुक अतिथियों को फर्स्ट स्टेप स्कूल की डायरेक्टर लीना प्रिया ने शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली महिलाओं में पलक, ज्योति,गौरी, कंचन, निशि ,पूजा ,सुमन और सीमा शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन मधु और रंजन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर लीना प्रिया ने कहा कि विश्वभर में हर साल 08 मार्च को महिला दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन को दुनिया भर की महिलाओं के अधिकारों और उपलब्धियों के सम्मान के रूप में याद किया जाता है।महिलाओं को पुरुषों के बराबर सम्मान देने और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना इस दिन को मनाने का मकसद है। महिलाओं के हौसलों को बुलंद करने और समाज में फैले असमानता को दूर करने के लिए इस दिन का काफी महत्व है। महिलाएं दुनिया की आधी आबादी का हिस्सा हैं. वे किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं हैं. समाज की प्रगति में जितना बड़ा योगदान पुरुषों का है, उतना ही महिलाओं का भी है, लेकिन फिर भी तमाम जगहों पर आज भी महिलाओं को पुरुषों के समान ,अवसर और सम्मान नहीं मिल पाता। लीना प्रिया ने बताया कि इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्रेम कुमार, नूतन सिन्हा और रंजन कुमार ने अपने लाजवाब पार्श्वगायन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं नंदिनी ने अपने मनमोहक नृत्य से समां बांध दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रधानाध्यापक शिवम कुमार, शिक्षिका काजल और मधु का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया। उन्होंने आंगतुक , सभी अतिथियों तथा सभी महिलाओं को कार्यक्रम में शिरकत करने के लिये धन्यवाद दिया।

## विश्व हिन्दू परिषद की मातृ ईकाई दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति द्वारा विशाल मान वंदना यात्रा (पथ संचलन) का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** विश्व हिन्दू परिषद की मातृ ईकाई दुर्गा वाहिनी-मातृशक्ति द्वारा विशाल मान वंदना यात्रा (पथ संचलन) का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता दुर्गावाहिनी क्षेत्र संयोजिका डा. शोभा रानी सिंह ने कहा कि दुर्गावाहिनी मातृशक्ति का ऐसा आयाम है जो हिन्दू समाज की बहनों के बीच संगठन की सेवा, सुरक्षा, संस्कार के आदर्श वाक्य के साथ हिन्दू युवतियों को सशक्त बनाने और हिन्दू बेटियों की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध व कार्यरत है। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वें एवं रानी दुर्गावती के 500वें जन्म समारोह के अवसर पर हम सभी को दोनों वीरांगनाओ के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर के चौड़ी गांव में हुआ था। वे मराठा साम्राज्य की एक सम्माननीय शासक थीं, जिन्होंने अपनी वीरता, धार्मिकता, और प्रशासनिक कुशलता से न केवल अपने राज्य को सशक्त किया, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए। उनके शासनकाल में राज्य की आर्थिक और सांस्कृतिक उन्नति हुई। उन्होंने भारत के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। काशी विश्वनाथ मंदिर समेत देशभर के मंदिरों और घाटों के पुनर्निर्माण का कार्य भी उन्होंने किया।अहिल्याबाई एक कुशल सैन्य नेता भी थीं, जिन्होंने कई युद्धों में भाग लिया और अपनी रणनीति और वीरता से मराठा साम्राज्य की रक्षा की। उनके शासनकाल में इंदौर राज्य एक समृद्ध और शक्तिशाली राज्य बना। उनके धार्मिक और सामाजिक कार्यों ने भारतीय समाज को एक नई दिशा दी। रानी दुर्गावती ने भी कम आयु का राजकाज का संचालन किया साथ ही कई युद्ध किये और शत्रु का पराजय भी किया। रानी दुर्गावती (शा.क.; 1550 से 1564 तक) गढ़ा राज्य की शासक महारानी थीं। उनका विवाह गढ़ा राज्य के राजपूत राजा दलपत शाह से हुआ था

## बिहार के पूर्व सचिव अनिल जायसवाल प्रदेश मंत्रालय के सचिव बनाए गए



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार प्रदेश सरकार के पूर्व विधान सभा सचिव श्री अनिल कुमार जायसवाल को एक बार फिर से बिहार प्रदेश सरकार में बड़ी जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्रालय में आप्त सचिव बनाया गया है। अनिल कुमार जायसवाल ने हमारे सहयोगी समाजसेवी व ई आरके जायसवाल से बातचीत के दौरान जानकारी देते हुए बताया की बिहार प्रदेश के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री संजय सरावगी जी द्वारा स्वयं दिए गए जिम्मेदारी अब यह मेरी परीक्षा है, साथ ही मेरा पहला कर्तव्य के साथ जिम्मेदारी है की उनके इस विश्वाश को हम निष्ठा पूर्वक निभाएँ। उन्होंने मंत्री संजय सरावगी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा की मंत्री जी अपने सहयोगियों से निष्ठा पूर्वक प्रदेश सरकार ज़िम्मेदारियों को निभाने की अपील करते हुए और हमारे पूर्व के कार्यों को सराहाते हुए कहा कि श्री जायसवाल पहले भी प्रदेश सरकार के बेहद महत्वपूर्ण ज़िम्मेदार अधिकारी रहे हैं और उन्हें बरसों से जानता हूँ। श्री जायसवाल ने आगे बताया की यह पल मेरे लिए भावनात्मक व मेरे लिए बेहद ऊर्जा वर्धक था । उन्होंने बातचीत के दौरान बताया की प्रदेश के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा लागातार बधाई व शुभकामनाएँ देने की सिलसिला जारी है। वहीं बिहार बिजेपी के अध्यक्ष दिलिप जायसवाल, पीरपैंती के विधायक ललन कुमार, मोहनीयां के विधायक संगीता कुमार, ढाका विधायक पवन जायसवाल, प्रदेश वैश्य समाज के उपाध्यक्ष संजय जायसवाल, पूर्व मंत्री तारकिशोर प्रसाद व समाजसेवी ई आरके जायसवाल आदि ने भी फोन कर बधाई व शुभकामनाएँ दी।

# बिहार में कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल एप लॉन्च

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में कैंसर की जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डॉक्टर प्रभात रंजन डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर, कंकड़बाग द्वारा एक विशेष मोबाइल एप लॉन्च किया गया। इस एप का लोकार्पण शनिवार को बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. प्रभात रंजन और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रूपम रंजन भी उपस्थित रहीं।मंत्री मंगल पांडे ने एप की सराहना स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने अपने संबोधन में कहा"बिहार सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए लगातार प्रयासरत है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। यह मोबाइल एप न केवल लोगों को कैंसर के शुरुआती लक्षणों की जानकारी देगा, बल्कि उन्हें सही समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए भी प्रेरित करेगा। यह एक सराहनीय पहल है, और हम सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग देंगे।"डॉ. प्रभात रंजनः 'समय पर जांच से बचाई जा सकती हैं जानें'इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. प्रभात रंजन ने कहा, "हमारे यहां हर साल कैंसर के हजारों नए मामले सामने आते हैं, लेकिन जानकारी और जागरूकता की कमी के कारण मरीज सही समय पर इलाज नहीं ले पाते। इस एप के माध्यम से लोग कैंसर के लक्षणों को पहचानकर समय पर चिकित्सकीय सहायता ले सकेंगे। इसके अलावा, यह एप मुफ्त परामर्श और शुरुआती जांच की सुविधा भी प्रदान करेगा।डॉ. रूपम रंजनः 'ग्रामीण महिलाओं के लिए विशेष लाभकारी।संस्थान की वरिष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. रूपम रंजन ने कहा ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी कम होती है। खासकर ब्रेस्ट कैंसर और सर्वाइकल कैंसर जैसी बीमारियों को लेकर वे खुलकर बात नहीं कर पातीं। यह एप महिलाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, क्योंकि इसमें हिंदी और स्थानीय भाषाओं में जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इससे वे अपनी समस्या को समझ सकेंगी और सही समय पर डॉक्टर से परामर्श ले सकेंगी।ग्रामीण इलाकों तक पहुंचेगी यह पहल इस एप को जल्द ही बिहार के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में प्रचारित किया जाएगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की एक टीम गांव-गांव जाकर इस एप का प्रदर्शन करेगी और लोगों को कैंसर के बारे में जानकारी देगी।कैसे करेगा यह एप काम ?कैंसर के लक्षणों की जानकारीऑनलाइन परामर्श की सुविधा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों की जानकारी स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा वीडियो गाइडेंस जनता को मिलेगा बड़ा लाभ इस मोबाइल एप के लॉन्च के साथ ही बिहार में कैंसर जागरूकता अभियान को नई गति मिलने की उम्मीद है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस एप के माध्यम से समय पर कैंसर का पता लगाना संभव होगा, जिससे मरीजों की जान बचाई जा सकेगी।यह एप जल्द ही गूगल प्ले स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध होगा।

# नारायण सेवा संस्थान के निःशुल्क शिविर में शामिल हुए 1100 से अधिक दिव्यांगजन

नई सोच एक्सप्रेस

» मानव धर्म और स्वस्थ समाज का संकल्प होगा पूरा : नितिन नवीन



**पटना।** नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में रविवार को पटना रिज़ॉर्ट, आशियाना दीघा मेन रोड, पटना में निःशुल्क ऑपरेशन जांच-चयन और नारायण लिंब व केलिपर्स माप शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन और स्थानीय विधायक डॉ. संजीव चौरसिया व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कृष्ण गोपाल, मनोज अग्रवाल, प्रदीप बर्नलवाल, पवन केसरी, साधु शरण, लक्ष्मण टेकरीवाल, राहुल रंजन एवं संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर दिव्यांगों, उनके परिजनों और पटना के सम्मानित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री नितिन नवीन ने कहा मैं संस्थान की सेवाएं देखकर अभिभूत हूँ। दिव्यांगों को मदद के लिए आगे आने पर संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल और पूरी टीम का अभिनंदन करता हूँ। नारायण सेवा संस्थान के दिव्यांग एवं नारी सशक्तिकरण के कार्य समाज और सरकार के लिए उल्लेखनीय है। मानव धर्म और स्वस्थ समाज का संकल्प अवश्य ही पूरा होगा। उन्होंने संपूर्ण बिहार में दिव्यांगों के हितार्थ नारायण सेवा संस्थान को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि संस्थान दिव्यांगों को शारीरिक, सामाजिक, आर्थिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जो प्रयास और कार्य कर रही हैं यह अनुकरणीय है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि और अन्य मेहमानों ने शिविर में आये दिव्यांगों के उदगार सुने और डॉक्टर टीम से उपचार और लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया भी जानी। संस्थान की निदेशक वंदना अग्रवाल ने संस्थान की निःशुल्क सेवाएं, ऑपरेशन, नारायण लिम्ब लगाना, 5000 लोगों को रोज भोजन करना,आर्थिक रूप से असमर्थ 600 मजदूरों के बच्चों के लिए निःशुल्क नारायण चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल चलाना, सैकड़ो दिव्यांगों को स्वरोजगार के कंप्यूटर, मोबाइल, सिलाई, मेहंदी का प्रशिक्षण देना और उनका सामूहिक विवाह कर घर बसाने जैसे अनेक प्रकल्पों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिविर में 1100 से अधिक रोगी जिसमें बच्चे, वयस्क, वृद्ध और महिलाओं के सभी आयु वर्ग से दिव्यांग ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर प्रभारी हरि प्रसाद लडढा और दिग्विजय सिंह ने शिविर रिपोर्ट बताते हुए कहा कि शिविर में 1103 दिव्यांग आए जिन्हें संस्थान डॉक्टर व पीएंडओ टीम ने देखा और 651 दिव्यांगों का नारायण लिंब हाथ -पैर और केलिपर्स लगाने के लिए मेजरमेंट लिया। करीब 300 दिव्यांग रोगियों का चयन शल्य चिकित्सा हेतु किया गया। इन सभी का निःशुल्क ऑपरेशन होगा। दिग्विजय सिंह ने कहा कास्टिंग और मेजरमेंट के लिए चयनित दिव्यांगों को करीब 2 से 3 माह बाद नारायण लिम्ब पुनः पटना में शिविर कर पहनाए जाएंगे। संस्थान द्वारा निर्मित ये नारायण लिंब गुणवत्ता युक्त है और वजन में हल्के हैं। उपयोग में टिकाऊ रहेंगे। सभी रोगियों को संस्थान की ओर से निःशुल्क भोजन, चाय, अल्पाहार प्रदान किया गया। संस्थान की 40 सदस्य टीम ने सेवाएं दी।

# हाथों में निशान हो - सामने मेरे श्याम हो

नई सोच एक्सप्रेस



» निशान शोभा यात्रा में लगे बाबा के जयकारे

**पटना।** आज श्याम फागुन महोत्सव के दूसरे दिन शक्तिधाम सेवा न्यास के तत्वावधान में विशाल निशान (ध्वज ) शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। इस निशान शोभा यात्रा में महिलाये रंग बिरंगे परिधान में एवं पुरुष श्याम बाबा का केशरिया दुपट्टा ओढ़े हुए थे। हांथों में निशान (ध्वज )लिए श्याम भक्तों का यह कारवां पूरे उत्साह एवं श्रद्धा के साथ पुष्पविहार अपार्टमेंट एक्जीविशन रोड से सुबह 10:30 प्रारम्भ हुआ। निशान शोभा यात्रा प्रारम्भ होते ही गुलाब जल का छिड़काव करते हुए फूलों की वर्षा की गयी एवं गुलाल उड़ाते हुए बहुत ही अनोखे ढंग से सुसज्जित श्याम बाबा के रथ को निकाला गया। शोभा यात्रा में भक्तजनो द्वारा गाये जा रहे "मेरे सर पे रख दे हाथ बाबा" " "हाथों में निशान हो - सामने मेरे श्याम हो" "आये है दिन फागण के ,आये है दिन नाचण के बीत गए दिन सावन के" ऐसे भक्तिमय गीतों की स्वर लहरी पूरे वातावरण को भक्तिमय कर रहा था। श्याम बाबा को समर्पित भजन कीर्तन से माहौल श्याममय हो रहा था . शोभा यात्रा में लाल, पीले , गुलाबी परिधानों में सजी धजी महिलाओं के अलावे युवाओं का भी उत्साह देखते बन रहा था। करीब हजारों की संख्या में भक्तों ने अपने अपने हांथों में निशान (ध्वज ) उठा रखे थे।यात्रा में आगे आगे रथों पर ओम प्रकाश पोद्दार थे एवं शोभा यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भक्तो को ठंडा पानी , शर्बत एवं फल इत्यादि दिया जाता रहा। निशान शोभा यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट , एक्जीविशन रोड से होते हुए भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, गांधी मैदान, होटल मौर्या, विस्कोमान भवन होते हुए महाराजा अग्रसेन मार्ग स्थित शक्तिधाम मंदिर पंहुचकर समाप्त हुआ । बाबा के जयकारे के साथ शक्तिधाम मंदिर में श्याम बाबा का निशान अर्पण करने का सिलसिला काफी देर तक चलता रहा। भक्तो को श्याम बाबा का प्रसाद दिया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया की पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के तीसरे दिन कल सोमवार 10 मार्च को दिन में दस बजे सुबह से "अखण्ड ज्योति पाठ" तथा 9:30 रात्रि से ( PM) "रात्रि जागरण" का आयोजन होगा। एम पी जैन ने बताया कि आज के समारोह में अमर अग्रवाल , पी के अग्रवाल, ओम पोद्दार, शंकर शर्मा, रमेश मोदी, सज्जन चौधरी, पवन भगत, राजकुमार अग्रवाल , संतोष अग्रवाल, नरेंद्र शर्मा, प्रदीप पंसारी, अक्षय अग्रवाल , रौशन सर्राफ, रमेश अग्रवाल, रितेश तुलस्यान , निर्मल अग्रवाल, ललन लाठ सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

# महिलाओं को जागरूक होने के साथ साथ शिक्षित होना भी जरुरी : प्रखंड विकास पदाधिकारी

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।**बिहटा प्रखंड के स्वयंसेवी संस्था महिला बाल युवा केन्द्र के तत्वाधान मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 12 गांव के 78 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता कटेसर पंचाचत की पंचायत समिति सदस्य एवं प्रसिद्ध समाजसेवीका कांती देवी ने किया।सामारोह का उदघाटन चन्दा कुमारी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बिहटा चन्दा कुमारी ने कहा कि सामाजिक उत्थान के लिए महिलाओं को जागरूक होने के साथ साथ शिक्षित होना भी निहायत जरुरी है। उन्होने महिलाओं को अपने अधिकार एवं कर्तव्य की महत्ता को समझने पर बल दिया। प्रख्यात समाजसेविका प्रभावती देवी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक चेतना जागृत करना है, जिससे महिलाएं अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। मीना देवी सेविका आंगनवाड़ी कटेसर ने कहा कि सूचना तकनीकी एवं सैटेलाइट की दुनिया में प्रवेश कर भारत भले ही विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आ गया है, लेकिन आज देश की आधी आबादी जिसमें महिलाओं की संख्या की अधिक है, अशिक्षित है और यही कारण है कि हमारे देश में जनसंख्या में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। हिंदुस्तान समाचार के पूर्व संवाददाता विजय कुमार सिंह ने कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवता का वास होता है, जिस घर में झगड़ा होता है, वहां बरकत नहीं होती। पढ़ी लिखी मां घर की रहनुमा होती है। अधिकार के लिए कर्तव्य का होना भी जरूरी है। पूर्व मुखिया सहदेव राय ने कहा कि परिश्रम एवं लगन से यदि कोइ भी व्यक्ति अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाना चाहते है तो वह अवश्य होता है। प्रख्यात सर्वोदय नेता हेम नरायण भाई ने कहा कि श्रृष्टि का शुरुआत मातृशक्ति से होता है। समारोह के प्रमुख वक्ताओं में रीता देवी, प्रिया कुमारी, सुरेश ठाकुर, मनोज कुमार चौधरी, डिंपल कुमारी, रिया कुमारी, खुशी कुमारी, नेहा कुमारी, पायल कुमारी शामिल थी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन राधेश्याम ने किया।

# रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान ख़रीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली जा रही है'। पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान ख़रीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आख़िरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के ख़रीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान ख़रीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 'लाचार मकान ख़रीदारों से फिरौती वसूली जा रही है'। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि ख़रीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के ख़रीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा हो। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और ख़रीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर ख़रीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने ख़ास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान ख़रीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक ख़रीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं।

# एक दुधारी तलवार है मासूम हाथों में स्मार्टफोन



आरती कुमारी

**जरूरी है क्या स्कूलों में स्मार्टफोन-** अभी-अभी न्यायालय में दायर याचिका पर निर्णय देते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने साफ किया कि विद्यालय परिसर में स्मार्टफोन ले जाने से रोकना विधि सम्मत नहीं है और अभी तक विद्यालय में छात्र-छात्राओं द्वारा स्मार्टफोन ले जाने के कोई हानिकारक परिणाम भी सामने नहीं आए हैं इसलिए उन्हें विद्यालय प्रांगण में मोबाइल फोन ले जाने से रोकना उचित नहीं है।

**कितना जायज है स्कूलों में स्मार्टफोन का प्रयोगः** अपने इस निर्णय के माध्यम से न्यायालय ने विद्यालय में स्मार्टफोन ले जाने को जायज बता कर हलचल पैदा कर दी है। बेशक आज का युग तकनीक का युग है और इस आधार पर कहा जा सकता है कि बच्चों को भी स्मार्टफोन के उपयोग से रोकने का मतलब उनको तकनीक के प्रयोग से रोकना है लेकिन साथ ही साथ देश के अलग-अलग कोनों से विद्यालय परिसर या उसके बाहर किशोरवय बच्चों द्वारा स्मार्टफोन के प्रयोग से अनेक विवादास्पद प्रकरण भी सामने आए हैं। अब एक तरफ उच्च न्यायालय का निर्णय है तो दूसरी तरफ आम लोगों की राय। ऐसे में यह जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर स्मार्टफोन के प्रयोग के पक्ष और विपक्ष क्या हैं।

**स्मार्टफोन के सकारात्मक पक्षः-**

**सीखना बनाए सरलः** स्मार्टफोन के उपयोग से अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया सरल ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजन बन सकती है और उसे सहायक उपकरण के रूप में किया जा सकता है। इंटरनेट के माध्यम से वे आसानी से शैक्षिक सामग्री, वीडियो, और ऑनलाइन पाठ्यक्रम तक पहुँच सकते हैं। यह उन्हें गहराई से समझने और सीखने में मदद करता है।

**बनाए तेज और स्मार्ट :** स्मार्टफोन की मदद से विद्यार्थी किसी भी विषय पर तेज और लेटेस्ट जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनका ज्ञान और समझ दोनों बढ़ते हैं और साथ ही साथ स्मार्टनेस भी बढ़ती है तो इस हिसाब से स्मार्टफोन का उपयोग बच्चों को तेज और स्मार्ट बनने में मदद करता है।

**समय की बचतः** पढ़ने और सीखने के लिए अब वह समय नहीं रहा जब विद्यार्थी पुस्तकालय एवं पुस्तकों के माध्यम से सीखने को बाध्य थे अब विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में घंटों बिताने की बजाय स्मार्टफोन के माध्यम से तेजी से और प्रभावी तरीके से अध्ययन सामग्री मिल जाती है, जिससे समय तो बचता ही है बच्चों को एकदम नई जानकारी भी प्राप्त हो जाती है।

**तकनीकी ज्ञानः** आज के जमाने में बिना टेक्नोक्रेट बने अच्छा कैरियर बनाना संभव नहीं है। स्मार्टफोन का उपयोग विद्यार्थियों को डिजिटल और वर्चुअल दुनिया से परिचित कराता है जिससे उनकी तकनीकी दक्षता बढ़ती है। यह भविष्य में उन्हें करियर के अवसरों के लिए तैयार करता है।

**संचारः** आज ऑनलाइन एजुकेशन का जमाना है। गूगल मीट या दूसरेडिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से स्मार्टफोन विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच संवाद को आसान बनाता है। विद्यार्थियों को किसी विषय पर शंका हो, तो वे शिक्षक से तुरंत संपर्क कर अपनी समस्याएं हल कर सकते हैं। यूं तो ऐसे ही कितने ही सकारात्मक पहलू हैं जो स्मार्टफोन को प्रयोग करने की वकालत करते हैं लेकिन इसी का दूसरा पक्ष भी देखना ज़रूरी है।

**नकारात्मक पहलूः-**

**भटकाव की आशंका :** स्मार्टफोन में सोशल मीडिया, गेम्स, और अन्य बहुत से आकर्षक ऐप्स होते हैं, जो विद्यार्थियों का ध्यान पढ़ाई से भटकाते हैं। इससे उनके अध्ययन में कमी आ सकती है। प्रायः देखने में आता है कि मोबाइल के माध्यम से पढ़ने वाले बच्चे एकाग्रचित होकर नहीं पढ़ पाते । वज़ह है एक साथ कई कई विंडो खोलकर कई कई चीजों को देखने की लत । यदि स्मार्टफोन का प्रयोग कम उम्र के अपरिपक्व बच्चों को करने की खुली छूट मिल जाए तो फिर उनकी एकाग्रचितत्ता भांग ही होगी।

**स्वास्थ्य पर असरः** देखने में आया है कि स्मार्टफोन बहुत जल्दी ही एक लत का रूप ले लेता है और बच्चे लंबे समय तक उसी में लगे रहते हैं परिणाम स्वरूप लंबे समय तक स्मार्टफोन का उपयोग करने से आँखों की समस्याएँ, सिर दर्द, और मानसिक तनाव का बढ़ना स्वाभाविक है साथ ही साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**नैतिक और सामाजिक समस्याएँ:** स्मार्टफोन का गलत उपयोग, जैसे नकल, पढ़कर एवं समझ कर प्रश्न हल करने के बजाय उपलब्ध सामग्री को कॉपी पेस्ट करके गृह कार्य या प्रोजेक्ट बनाना, चैट जीपीटी या ऐसे ही दूसरे एप्स अथवा साइट्स से अध्ययन की सामग्री बिना सोचे समझे ले लेना विद्यार्थियों को गलत आदतें सिखा सकता है। इसके अलावा, साइबर बुलिंग, पॉर्न साइट्स या अश्लील सामग्री देखना या पढ़ना जैसी समस्याएँ भी हो सकती हैं।



**आर्थिक बोझः** आज स्मार्टफोन एक स्टेटस सिंबल बन गया है अब चाहे मां-बाप की सामर्थ्य है या नहीं मगर उन्हें बच्चों को महंगा फोन खरीद कर देना ही पड़ता है ऐसे में स्मार्टफोन खरीदने और उसे मेंटेन करने के लिए वित्तीय बोझ बढ़ता है, खासकर जब स्कूल के विद्यार्थियों के पास पर्याप्त संसाधन न हों।

**संवेदनशील सामग्री तक पहुँचः** इंटरनेट पर अनेक नशीली और अपत्तिजनक सामग्री रहती हैं । ऐसे में विद्यालयों में यदि स्मार्टफोन पहुंच जाएगा तो बच्चों को इस प्रकार की सामग्री से बचाना मुश्किल हो सकता है। अब दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर ही माननीय न्यायालय ने स्मार्टफोन के उपयोग को तो रोकने से मना कर दिया है लेकिन साथ ही साथ इन खतरों से बचने के लिए कई अनुबंध एवं शर्तें भी इस निर्णय के साथ जोड़ दी हैं।

**क्या कहता है न्यायालय का निर्णयः** स्मार्ट फोन के प्रयोग पर हाई कोर्ट ने अहम दिशानिर्देश देते हुए कहा है कि छात्रों को स्कूल में स्मार्टफोन ले जाने से नहीं रोका जाना चाहिए लेकिन उपयोग की निगरानी हो। स्कूल में प्रवेश करते समय फोन जमा करने और घर लौटते समय वापस लेने की व्यवस्था होनी चाहिए। स्मार्टफोन से कक्षा में शिक्षण, अनुशासन या शैक्षिक वातावरण में बाधा नहीं आनी चाहिए। इसके लिए कक्षा में स्मार्टफोन के उपयोग को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। स्कूल के कॉमन एरिया के साथ-साथ स्कूल वाहनों में भी स्मार्टफोन के कैमरे का इस्तेमाल प्रतिबंधित होना चाहिए। छात्रों को डिजिटल शिष्टाचार और स्मार्टफोन के नैतिक उपयोग के बारे में शिक्षित करना चाहिए और निगरानी करने की नीति माता-पिता, शिक्षकों और विशेषज्ञों के परामर्श से बनाई जानी चाहिए। स्कूल अपनी परिस्थितियों के अनुकूल नीतियों को लागू करें । उपयोग के नियमों का उल्लंघन रोकने के लिए पारदर्शी, निष्पक्ष नियम लागू किए जाएं। तेजी से बदलती तकनीकी और उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए नीति की नियमित समीक्षा और संशोधन किया जाना चाहिए । सुरक्षा और समन्वय के उद्देश्य से कनेक्टिविटी के लिए स्मार्टफोन उपयोग की अनुमति होनी चाहिए लेकिन मनोरंजन के लिए उपयोग की अनुमति नहीं होनी चाहिए । इस निर्णय के आलोक में कहा जा सकता है कि विद्यार्थी भले ही स्मार्टफोन स्कूल प्रांगण में ले जाएं लेकिन उसके उपयोग को बहुत सीमित कर दिया जाए । हां, उसके पास फोन होने से घर एवं विद्यालय के बीच की दूरी में उसकी सुरक्षा तय की जा सकती है तथा उसे पर निगाह भी रखी जा सकती है।

## सूडोकु नवताल- 7365

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# आम हिंदुओं के निशाने पर समूचा विपक्ष

हरिशंकर व्यास

कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों ने सिर्फ महाकुंभ का नैरेटिव मिस नहीं किया, बल्कि यहां भी ऐतिहासिक गलती कर बैठे, जिससे समूचा विपक्ष आम हिंदुओं के निशाने पर आया। विपक्ष के चुनिंदा नेताओं को छोड़ दें तो ज्यादातर नेता महाकुंभ से गैरहाजिर रहे। किसी ने उस विशाल आयोजन का हिस्सा बनने की कोशिश नहीं की और न सामान्य हिंदू की तरह महाकुंभ में जाकर त्रिवेणी के संगम पर डुबकी लगाने का जतन किया। इतना ही जिस दिन से महाकुंभ शुरू हुआ उस दिन से कांग्रेस का इकोसिस्टम प्रचार करता रहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा स्नान करने आएंगे। पार्टी की ओर से कई बार ढके छिपे तरीके से कार्यक्रम भी बताया गया। एक बार तो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक कार्यक्रम में एक तारीख बताते हुए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के बारे में कहा कि हम सब प्रयागराज आ रहे हैं। लेकिन राहुल और प्रियंका स्नान करने नहीं गए। इसके बाद कांग्रेस के नेता बताते रहे कि प्रियंका ने कब संगम में डुबकी लगाई थी और सोनिया गांधी कब पवित्र स्नान के लिए पहुंची थीं। कुछ अति उत्साही कांग्रेस समर्थक सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स ने पंडित नेहरू की भी महाकुंभ में स्नान करते हुए तस्वीरें साझा कीं। लेकिन महाकुंभ इतिहास तो है यह तो जितना इतिहास है उतना ही समकालीन भी है। कांग्रेस हो सकता है कि इतिहास में इसका हिस्सा रही लेकिन समकालीन घटनाक्रम का भी तो हिस्सा बनना होगा। अगर कांग्रेस नेताओं को महाकुंभ नहीं जाना था तो जाने की झूठी खबरों का प्रचार भी नहीं कराना चाहिए था। अगर प्रचार कराया तो वहां चले जाना चाहिए था, उससे देश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मुंह नहीं छिपाना पड़ता। गांवों में उनसे जवाब देते नहीं बन रहा है। वे किसी तरह पुरानी बातों से बचाव कर रहे हैं। सोशल मीडिया में कुछ समझदार लोग कह रहे हैं कि 12 साल पहले 2013 के महाकुंभ में नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ या अमित शाह में से कोई भी डुबकी लगाने नहीं गया था। लेकिन क्या तब सोनिया, राहुल और प्रियंका गए थे? अगर गए थे तो बताना चाहिए ताकि लोगों को पता चले कि जो सत्ता में होता है वही कुंभ जाता है! ऊपर से कोढ़ में खाज की तरह कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के नेता महाकुंभ को लेकर अनाप शनाप बयान देते रहे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सवाल उठा दिया कि महाकुंभ जाने से क्या देश की गरीबी खत्म हो जाएगी। किसी भी धार्मिक या सांस्कृतिक आयोजन से देश की गरीबी नहीं खत्म होने वाली है। इंदिरा गांधी ने 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था और उसके बाद 30 साल कांग्रेस शासन में रही तो कहां गरीबी मिट गई। लाखों लोग उर्स करने जाते हैं या हज करने जाते हैं तो उससे भी न गरीबी मिटती है और न जहालत खत्म होती है। लेकिन जब उस पर इस तरह के सवाल नहीं उठाए जाते हैं तो महाकुंभ पर भी ऐसे सवाल उठाने की कोई तुक नहीं है। महाकुंभ में 66 करोड़ लोग पहुंचे, यह उनके लिए गरीबी मिटाने या अशिक्षा दूर करने का विषय नहीं था। यह उनकी आस्था का विषय था, जिसका कांग्रेस को सम्मान करना चाहिए। कम से कम सार्वजनिक रूप से तो सम्मान करे! खड़गे और राहुल गांधी मन में चाहे जो भाव रखते हों लेकिन राजनीति कर रहे हैं पार्टी चल रहे हैं तो सार्वजनिक बयानों में सावधान रहने की जरुरत होती है। राष्ट्रीय जनता दल के नेता लालू प्रसाद ने कह दिया कि कुंभ फालतू है। उनको महाकुंभ की व्यवस्था पर सवाल उठाना था लेकिन वे महाकुंभ को ही फालतू की बात बता रहे थे। यह समझे बगैर कि उत्तर प्रदेश के अलावा सबसे ज्यादा लोग बिहार से ही महाकुंभ जा रहे थे।




**मेष राशिः** आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए। आज आपकी आर्थिक स्थिति ठीक-ठाक रहेगी। आज धैर्य और सही सोच आपको आगे बढ़ने में आपकी मदद करेगी।

**वृष राशिः** आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पड़ने से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे। आय के स्त्रोतों में स्थिरता बनी रहेगी। आज आप अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**मिथुन राशिः** आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है। जंक-फूड खाने से आपको बचना चाहिए। आर्थिक लाभ पाने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क राशिः** आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। आज आपको धन लाभ के बड़े अवसर मिलेंगे। किस्मत के सहयोग से आपका खास काम पूरा होगा। आज का दिन व्यावसायिक प्रगति के लिए अनुकूल है। किसी पुराने दोस्त से मिलने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है। आज आप अपने रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिश करेंगे। मित्रों के साथ बैठकर अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए बातचीत करेंगे।

**कन्या राशिः** आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी। आज ऑफिस में आपको जिम्मेदारी वाला काम मिलेगा, जिसे पूरा करने पर आपको फायदा होगा। आपको बॉस से इंसेंटिव मिल सकता है। कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आर्ट्स स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी बातों से लोग काफी इम्प्रेस होंगे। बिजनेस में आपको बड़ा फायदा होने के संकेत हैं। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जायेंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है। आज बच्चे खेलकूद में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक रूप से आप काफी सक्षम रहेंगे। दूसरों की समस्याएं सुलझाने में आपका मुख्य भूमिका रहेगी।

**धनु राशिः** आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए। आपके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों के लिए आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आज आप किसी नए बिजनेस में पैसा लगाने के बारे में विचार करेंगे।

**मकर राशिः** आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी। व्यापार में आपको अचानक धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। ऑफिस के कुछ सहकर्मी आपके काम में सपोर्ट करेंगे। आज आपको उम्मीद से अधिक लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे । किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आप अपनी समझदारी से किसी भी समस्या का समाधान आसानी से निकाल लेंगे। जीवनसाथी आपकी बातों को महत्व देंगे, जिससे आपको अच्छा महसूस होगा।

**मीन राशिः** आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी। आज बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर बना रहेगा। आज आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोतरी होगी। दांपत्य जीवन मधुरता से भरपूर रहेगा।

# फिर हुआ बेटियों का क़त्ल ... बढ़ रहे है लिव इन के नतीजे ,आखिर क्या बला है लिव-इन रिलेशन

अशोक भाटिया

कुछ समय पहले एक खबर खूब चर्चा में रही कि आफ़ताब नाम के एक युवक ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा की हत्या करके उसके शव को 35 टुकड़ों में काटकर अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया। श्रद्धा वॉकर हत्याकांड की चिंगारी बुझी नहीं थी कि मुंबई से एक और दिल दहला देने वाला मामला सामने आ गया। यहां पर रहने वाले मनोज साने ने अपनी लिव-इन पार्टनर सरस्वती वैद्य की हत्या करके, उसके शव के टुकड़े ही नहीं किए, बल्कि शव के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाल डाला। वहीं, एक अन्य जगह लिव-इन पार्टनर द्वारा शादी से मना करने के बाद प्रेमिका ने आत्महत्या कर लिया। ऐसी एक-दो नहीं बल्कि अनगिनत घटनाएं हैं जिन्हें आप और हम चाय की चुस्की लेते हुए सरसरी नज़र से पढ़कर एक किनारे कर देते हैं। यहां तक कि हम ऐसी मौतों पर दुख भी नहीं जताते। मैंने कई बार अपने आस-पास लोगों को यह कहते हुए सुना है कि ऐसी चरित्रहीन लड़कियों के साथ ऐसा ही होता है। जबकि हम यह भूल जाते हैं की जिस तरह से भारत में लिव-इन-रिलेशनशिप का चलन बढ़ रहा है, कल को इसी परिस्थिति में हमारे घर के बेटे या बेटियाँ भी हो सकते हैं। याद हो कि जब दिल्ली के नजफगढ़ में ही 22 वर्षीय निक्की यादव की हत्या ने देश को झकझोर कर रख दिया था। दिल्ली पुलिस ने नजफगढ़ के मित्राओं गांव के बाहरी इलाके में एक ढाबे में अपनी 22 वर्षीय लिव-इन पार्टनर की हत्या करने और उसके शव को फ्रिज में रखने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार, मृतका की पहचान निक्की यादव के रूप में हुई है, जिसे उसके प्रेमी साहिल गहलोत (24) ने कश्मीरी गेट आईएसबीटी के पास 9 और 10 फरवरी की दरमियानी रात को गला घोंटकर मार डाला था। आरोपी ने कथित तौर पर अपने मोबाइल के डेटा केबल का इस्तेमाल किया था। महिला का गला घोंटने के लिए उसकी कार में। बाद में उसी दिन उसने दूसरी महिला से शादी कर ली साहिल की कहानी आफताब पूनावाला से मिलती-जुलती है, जिसने पिछले साल मई में गुस्से में श्रद्धा वाकर की गला दबाकर हत्या कर दी थी। पूनावाला ने महरौली के एक जंगल में शरीर के अंगों का निपटान करने से पहले वाकर के शरीर को 35 टुकड़ों में तोड़ दिया और उन्हें 300 लीटर रेफ्रिजरेटर में जमा कर दिया। बताया जाता है निक्की ने तो 10 फरवरी की सुबह गोवा जाने के लिए रेल की टिकट भी बुक करा रखी थी यानी जिस दिन साहिल की शादी थी उसी दिन दोनों गोवा जाने वाले थे लेकिन ठीक एक दिन पहले निक्की को साहिल की सगाई होने की खबर मिली। इस पर निक्की ने साहिल को उत्तम नगर में उस घर में बुलाया और सगाई के बारे में पूछा। इस पर साहिल ने कहा कि ना तो उसकी सगाई हुई है और ना ही 10 फरवरी को उसकी शादी है। निक्की को अपनी बात का यकीन दिलाने के लिए साहिल पहले उसे निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन लाया। निक्की अपने सामान के साथ गई लेकिन साहिल कोई सामान नहीं ले गया। वहां पहुंचकर साहिल ने बताया कि उसकी टिकट कन्फर्म नहीं हुई है इसलिए उसने निक्की से हिमाचल जाने की बात कही। इसके बाद दोनों निजामुद्दीन से कश्मीरी गेट बस अड्डे आए। जिस कार में ये दोनों लोग थे वो साहिल के भाई की थी। इस दौरान भी दोनों के बीच सगाई और शादी को लेकर झगड़ा बढ़ गया। साहिल ने कार में ही डेटा केबल से निक्की का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस को शक है कि साहिल ने निक्की को बहलाने के लिए गोवा जाने का प्लान बनाया था क्योंकि साहिल को मालूम था कि अगले दिन उसकी शादी है इसलिए पुलिस को लगता है कि साहिल मर्डर का प्लान बनाकर ही निक्की को कार में ले गया था। आखिर ऐसी नौबत कैसे आई कि करीब पांच साल तक एक साथ लिव-इन में रहने वाले साहिल को अपनी मंगनी वाले दिन मर्डर करना पड़ा। दरअसल, हुआ ये कि निक्की के घरवालों को तो अपनी बेटी के अफेयर के बारे में, उसके लिव इन में रहने का पता नहीं था। सिर्फ निक्की की बहन जानती थी लेकिन उसने भी घरवालों को नहीं बताया था। वहीं, साहिल के घर वाले इस रिश्ते के बारे में जानते थे और उन्हें ये सख्त नापसंद था। आखिरकार घरवालों की मर्जी के सामने साहिल ने हथियार डाल दिए और वो शादी के लिए तैयार हो गया। एक वक्त था जब लिव-इन रिलेशन को वेस्टर्न कल्चर यानी पाशचात्य संस्कृति का हिस्सा माना जाता था और भारत में इस तरह के ना के बराबर रिश्ते ही नज़र आते थे, लेकिन पिछले कुछ सालों में यहां भी लिव-इन रिलेशिप तेजी से बढ़े हैं। खासकर शहरों में युवाओं के बीच बिना शादी के एक साथ रहना बढ़ता जा रहा है। ऐसे रिश्ते में लोग रूम शेयर करते हैं, बेड शेयर करते हैं। प्यार मोहब्बत भी होती और सेक्स भी, लेकिन नहीं होता तो कमिटमेंट और यही वजह है कि ऐसे रिश्तों में बढ़ रहा है क्राइम। लिव-इन रिलेशन में सामने आ रही हैं मर्डर की घटनाएं। पिछले करीब एक दो महीनों में ही देश में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जहां लिव इन पार्टनर ने लड़की की जान लि हैं । दिल्ली के रोहिणी में संजय नाम के एक शख्स पर अपनी लिव-इन पार्टनर के कत्ल के आरोप लगे हैं। संजय और पूनम पिछले एक महीने से साथ में रह रहे थे। दरअसल आगरा की रहने वाली पूनम शादीशुदा थी, लेकिन बावजूद इसके उसका संजय के साथ अफेयर चल रहा था। पूनम के पति और परिवारवालों को इस बात की जानकारी थी। एक महीने पहले वो संजय के साथ रहने के लिए उसके फ्लैट में आ गई। दोनों साथ रहने लगे, लेकिन तीन दिन पहले फ्लैट में पूनम की लाश मिली। संजय फरार हो चुका था। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने जब दरवाजा खोला तो अंदर पूनम का शव पड़ा था। सिर्फ एक महीने में ही संजय ने अपनी लिव-इन पार्टनर की जान ले ली। दिसंबर महीने में ही दिल्ली के तिलक नगर में भी लिव-इन पार्टनर की हत्या का मामला सामने आया था। मनप्रीत नाम का एक शख्स 35 साल की रेखा के साथ उसके फ्लैट में रह रहा था। रेखा की 16 साल की एक बेटी भी थी। एक दिसंबर के दिन रेखा की बेटी अपने कजिन के घर गई थी। वो अपनी मां को फोन लगा रही थी, लेकिन मां ने फोन नहीं उठाया। वो घर गई तो घर में ताला बंद था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने ताला तोडा तो अंदर रेखा की लाश पड़ी थी। रेखा को बड़ी ही बेरहमी से मारा गया था। चाकू से उसके चेहरे पर वार किए गए थे और उसकी उंगलियों को भी काट दिया गया था। मनप्रीत और रेखा 7 सालों से लिव-इन रिलेशन में थे। पिछले कुछ समय से दोनों के बीच अक्सर झगड़े होते थे। रेखा मनप्रीत को उसे उसके परिवार से मिलाने की जिद करती थी और मनप्रीत किसी झंझट में नहीं फंसना चाहता था। आखिरकार रेखा से छुटकारा पाने के लिए उसने उसे मौत दे दी। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के खोड़ा इलाके में रमन नाम के एक शख्स पर अपनी लिव-इन पार्टनर की हत्या के आरोप लगे हैं। रमन और दिव्या कई सालों से साथ रहे रहे थे और दोनों की एक बेटी भी है, लेकिन रमन ने इस बीच एक दूसरी लड़की से शादी कर ली। किसी और से शादी के बावजूद वो दिव्या के साथ रहता रहा। दिव्या ने जब रमन पर शादी का दवाब बनाया तो उसने उससे छुटकारा पाने का प्लान बना डाला। मई में वो दिव्या को घुमाने के बहाने शिमला ले गया और सुनसान रास्ते में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। रमन ने शव को जंगल में फेंक दिया और वापस अपने घर आ गया। इस घटना के बाद उसने पुलिस स्टेशन जाकर लड़की के गायब होने की खबर पुलिस को दी। दिव्या के कत्ल के बाद वो आराम से अपने घर में रहता रहा। करीब 6 महीने बाद जब दिव्या के परिवारवालों ने उसके लापता होने की खबर लिखवाई तब जाकर सच सामने आया। पिछले चंद दिनों में ही लिव-इन पार्टनर की हत्या के ये दिल दहलाने वाले मामले सामने आए। ज्यादातर केस में यही देखा गया कि जब भी लड़की ने अपने पार्टनर पर शादी या कमिटमेंट का दवाब बनाया तो दूसरे पार्टनर को वो रिश्ता भारी लगने लगा और सामने मर्डर जैसी खौफनाक वारदातें। दरअसल लिव-इन रिलेशिप को लोग मौज मस्ती का एक जरिया मान रहे हैं जिसमें कोई दवाब या कमिटमेंट को नहीं चाहते। इस तरह के रिश्तों को लोग अपने परिवारवालों के सामने भी बताने से परहेज करते हैं। कुछ बुध्दिजिवी इसे समाज का कोढ़ मानने लगे हैं । अपनी कुछ राय बनाने के पहले यह जानना जरुरी है कि आखिर यह लिव-इन रिलेनशिप है क्या बला। इसको बेशक समाज में आज भी इज्जत की नजर से ना देखा जाता हो, लेकिन कानून की नजर में इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हालांकि लिव-इन रिलेशन को लेकर कोई लिखित कानून हमारे देश में नहीं है, लेकिन कानून मौलिक अधिकार के तहत ही किसी भी दो व्यस्क को साथ रहने का अधिकार देता है इसलिए लिव-इन रिलेशनशिप को कानून की नज़र में गलत नहीं ठहराया जा सकता। हालांकि लिव-इन रिलेशन में महिला को वो अधिकार नहीं मिलते जो एक पत्नी को होते हैं। महिला अपने पार्टनर की प्रॉपर्टी की हकदार नहीं मानी जा सकती। बताया जाता है कि यदि लिव-इन रिलेशनशिप से अगर बच्चा होता है तो उसे जायज माना जाएगा। कानून उसे वो सारे हक मिलेंगे जो शादीशुदा कपल के बच्चों को मिलते हैं'। बच्चे का अपने पिता की प्रॉपर्टी पर भी उतना ही हक होगा जितना दूसरे बच्चों का । लिव-इन रिलेशिप को लेकर बेशक भारत में कोई लिखित कानून न बना हो, लेकिन इस तरह के रिलेशन में अगर हिंसा का मामला सामने आता है तो उसके खिलाफ महिला अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। प्रोटेक्शन ऑफ वूमन फ्रॉम डोमेस्टिक वायलेंस एक्ट 2005 की धारा 2F में जो बातें शामिल हैं वो सारी बातें लिव-इन रिलेशिप पर भी लागू होती हैं। यानी अगर कोई महिला अपने लिव-इन पार्टनर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाती है तो उसे कानून सही माना जाएगा।

## जयपुर में पांच आईपीएल मैचों के लिए तैयारियां जोरों पर




**जयपुर।** आईपीएल 2025 के मुकाबले 22 मार्च से शुरु होने जा रहे हैं। इस बार जयपुर में भी पांच मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैचों के लिए सवाई मानसिंह स्टेडियम में भी तैयारियां जोरों से चल रही हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में आईपीएल के लिए कार्यक्रम जारी किया था। इस कार्यक्रम के तहत ही 65 दिन में 74 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल को लेकर इस बार बीसीसीआई ने नए नियम भी जारी किये हैं। इनके अनुसार अब खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और दोस्त ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकेंगे। ये नियम अभ्यास के दौरान भी लागू रहेगा। इसके साथ ही टूर्नामेंट में खिलाड़ियों को टीम बस से ही यात्रा करनी होगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीसीसीआई ने सभी फ्रेंचाइजियों को स्पष्ट रुप से आदेश दिया है कि परिवार के अलावा अभ्यास मैच के दौरान केवल मान्यता प्राप्त स्टाफ ही ड्रेसिंग रूम और खेल के मैदान पर जा सकेंगे, इन बातों के अलावा बीसीसीआई ने मैच के दिन के नियम भी नियम तय किए हैं जिसके अनुसार मैच के दौरान एलईडी बोर्ड्स के सामने बैठने की अनुमति नहीं होगी, खिलाड़ियों को ऑरेंज और पर्पल कैप पहननी होगी। परिवार और दोस्त अलग वाहन से यात्रा करेंगे और हॉस्पिटैलिटी एरिया से अभ्यास देख सकते हैं, साथ ही मैच से पहले अभ्यास करने के लिए टीमों को 2 नेट्स और मुख्य मैदान पर 1 साइड विकेट मिलेगा, ओपन नेट्स की अनुमति नहीं रहेगी, इसके अलावा और भी अन्य नियम तय किए गए हैं जिनका खिलाड़ियों को पालन करना होगा. जयपुर में आईपीएल को लेकर खेल परिषद और एडहॉक कमेटी के आईपीएल मैचों के आयोजन को लेकर विवाद चल रहा था जो अब खत्म हुआ हैं। इससे पहले बीसीसीआई ने जयपुर में इस बार खेल परिषद को आईपीएल मैच करवाने की जिम्मेदारी दी है पर ये भी साफ किया है कि अंतिम बार स्पोर्ट्स काउंसिल को यह जिम्मेदारी दी गई है, अगले साल से ऐसा नहीं होगा। साथ ही चेताया है कि अगर क्रिकेट संघ में स्थिति नहीं सुधरती है तो अगले साल जयपुर में आईपीएल मैचों का आयोजन नहीं होगा।

## गंभीर को लेकर क्या बोले शाहरुख



**मुम्बई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम के मालिक शाहरुख खान ने कहा है टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ उनकी गहरी दोस्ती है। इसलिए उन्हें कभी नहीं लगा कि वह टीम छोड़कर चले गये हैं। गंभीर साल 2017 में टीम छोड़कर चले गये थे पर इसके बाद उन्होंने कोच के तौर पर वापसी करते हुए 2024 में केकेआर को जीत दिलायी। तब श्रेयस अय्यर की कप्तानी में टीम ने फाइनल में सनराइजर्स हैदराबाद को हराया था। शाहरुख ने कहा, "मैंने इस बीच कभी नहीं सोचा था कि गंभीर हमें छोड़कर चले गए हैं। गंभीर के साथ वर्षों से हमेशा एक प्यारा रिश्ता रहा है। कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके साथ दोस्ती मजबूत बनी हुई है और गौतम गंभीर उनमें से एक हैं। उनके लिए यह एक बड़ी घर वापसी थी। गंभीर को साल 2024 के अंत में भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया और वह एक बार फिर केकेआर से अलग हो गये। वहीं केकेआर के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि साल 2017 में गंभीर के फ्रेंचाइज से जाने से टीम के प्रदर्शन पर भी पड़ा। उसी दिशा पर भी प्रभाव पड़ा। आप हमेशा केकेआर से उच्च स्तर पर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं, और जब प्रदर्शन टीम के आभा से मेल नहीं खाता, तो यह स्पष्ट हो गया कि कुछ बदलना होगा। उथप्पा ने कहा, जैसे ही मैंने सुना कि गंभीर वापस आ रहे हैं, मुझे याद है कि मैंने ट्वीट किया था कि ये सबसे अच्छी बात यह है। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज अजय जडेजा ने कहा, "केकेआर और सौरव गांगुली के बीच संबंध, चाहे प्रशंसकों के साथ हों या टीम के भीतर, अच्छे परिणाम नहीं दे रहे थे। इसलिए, 2011 में, एक बड़े बदलाव की योजना बनाई गई। 2011 से पहले, केकेआर को सौरव गांगुली की टीम के रूप में देखा जाता था पर उसके बाद ये गंभीर के नेतृत्व में शाहरुख की टीम बन गई।" आईपीएल 2025 सत्र की शुरुआत से पहले, केकेआर ने अनुभवी भारतीय बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर को उप कप्तान नियुक्त किया है। केकेआर ने जब रहाणे को टीम में शामिल किया तो यह लगभग तय था कि वह टीम की कप्तानी करेंगे, हालांकि मेगा नीलामी में 23.75 करोड़ रुपये में सबसे महंगे खरीदे गए वेंकेटश अय्यर और रिंकू सिंह के नाम चर्चा में थे। रहाणे की कप्तानी में हाल ही में मुम्बई ने मुश्ताक अली ट्रॉफी जीती थी।

## एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप का अभिष्य नहीं : मोईन अली



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोईन अली ने कहा है कि एकदिवसीय क्रिकेट प्रारुप भविष्य नहीं है। मोइन ने कहा कि इसका कारण बल्लेबाजों के पक्ष में नियमों का होना है। जिससे गेंदबाजों के लिए इस प्रारुप में कुछ नहीं बचा है। साथ ही कहा कि इसी कारण आजकल टी20 लीग में खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। पिछले साल संन्यास लेने वाले मोईन ने इंग्लैंड की ओर से 138 एकदिवसीय मैचों में 2,355 रन बनाने के अलावा 111 विकेट भी लिए हैं। वहीं 68 टेस्ट मैच में उन्होंने 3000 से अधिक रन बनाए हैं और 200 से अधिक विकेट लिए हैं। वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से खेलेंगे। मोईन ने कहा, ''विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी को छोड़कर एकदिवसीय प्रारूप लगभग पूरी तरह समाप्त हो गया है। यह खेलने के लिए सबसे खराब प्रारूप है और मुझे लगता है कि इसके कई कारण हैं। '' पहले के समय में पहले पावरप्ले के बाद सर्कल के बाहर पांच क्षेत्ररक्षक हुआ करते थे पर पिछले कुछ साल में यह संख्या चार हो गई है जिससे बीच के ओवरों में बल्लेबाजी करना आसान हो गया है। इतना ही नहीं दो नई गेंदों का इस्तेमाल किया जाता है जो पहले नहीं होता था जिससे बल्लेबाजों के लिए रन बनाना अब बहुत आसान हो गया है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि नियम बहुत खराब हैं। पहले पावरप्ले के बाद अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक रखना, मुझे लगता है कि विकेट लेने और किसी भी तरह का दबाव बनाने के लिए यह एक खराब नियम है। इसी वजह से अब खिलाड़ी एकदिवसीय क्रिकेट में 60 और 70 का औसत बना रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब आप किसी को गेंदबाजी कर रहे होते हैं और आप थोड़ा दबाव डालते हैं तो बल्लेबाज बस रिवर्स-स्वीप करता है और यह एक रन नहीं बल्कि यह चौका होता है। हमेशा बल्लेबाजों के लिए रन बनाने का विकल्प उपलब्ध रहता है।'' मोईन ने कहा कि जिस प्रकार से फ्रेंचाइजी क्रिकेट मोटी रकम देकर लुभा रहा है उससे अधिक से अधिक खिलाड़ी अब संन्यास लेकर इस प्रारुप में खेलते दिखेंगे।

## 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतना चाहते हैं प्रवीण



**विजयनगर।** एथलीट प्रवीण चित्रावेल का लक्ष्य अगले साल स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में होने वाले 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतना है। प्रवीण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 की त्रिकूद स्पर्धा में कांस्य से सिर्फ तीन सेंटीमीटर पीछे रहे थे। वह 16.89 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ इन खेलों में चौथे स्थान पर रहा था जबकि बरमूडा के जाह-एनहाई पेरिनचीफ ने 16.92 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता था। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रवीण का लक्ष्य इस साल 17.37 मीटर के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करने का है जिससे वह ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में पोडियम में शीर्ष स्थान हासिल कर सकें। प्रवीण ने कहा, 'मैं अब भी और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रयास कर रहा हूं, जैसे ओलंपिक, विश्व कप, विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल आदि। मैं एशियाई खेलों का पदक विजेता हूं, मैंने राष्ट्रमंडल खेलों में दो सेंटीमीटर (तीन सेंटीमीटर) से पदक खो दिया था। मैंने एशियाई इंडोर चैंपियनशिप का पदक, और युवा ओलंपिक का पदक जीता है। इस एथलीट ने कहा, 'मुझे भरोसा है कि मैं एशियाई खेल आइची-नागोया 2026 में पदक जीतूंगा पर मैं राष्ट्रमंडल खेलों 2026 में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं, निश्चित रूप से राष्ट्रमंडल खेलों की वजह से मैं अब भी ठीक से सो नहीं सकता। राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन स्कॉटलैंड के ग्लास्गो में 23 जुलाई से दो अगस्त 2026 तक किया जाएगा जबकि आइची-नागोया 2026 एशियाई खेल जापान में 17 सितंबर से चार अक्टूबर क होंगे। के प्रवीण ने कहा कि इस वह 2025 में अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 17.37 मीटर है, यह एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड है इसलिए मैं फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। मैंने 2023 में ऐसा किया था और 2025 में फिर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं। प्रवीण ने कहा, 'मैं इस साल विश्व इंडोर चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व ओपन चैंपियनशिप और फिर डाइमंड लीग पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। प्रवीण ने 2023 में क्यूबा के हवाना में प्रुएबा डि कनफ्रोनटेसिन एथलेटिक्स मीट में 17.37 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीतते हुए राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था।

## जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारत इस साल 24 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जूनियर विश्व कप निशानेबाजी की मेजबानी करेगा। विश्व कप निशानेबाजी में राइफल, पिस्टल और शॉटगन की प्रतियोगितायें। यह हाल के दिनों में का तीसरा शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) का टूर्नामेंट होगा जो भारत में आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा, ''पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की एक सार्थक बैठक हुई थी और सभी सदस्य महासंघों के अलावा आईएसएसएफ अध्यक्ष लुसियानो रॉसी ने भारत की शीर्ष अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करने और खेल को वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने में सहायता करने के तरीके की प्रशंसा की थी।''उन्होंने कहा, ''हमें तब इसकी उम्मीद थी पर अब जब मेजबानी मिलने की आधिकारिक पुष्टि हो गई है तो हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। '' वहीं भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के महासचिव सुल्तान सिंह ने कहा, ''आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित समय की पुष्टि करने का अनुरोध किया है जिसमें एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर के अंत तथा नवंबर की शुरुआत के दौरान है। हम आंतरिक रूप से बैठक के बाद शीघ्र ही उन्हें इसके बारे में बताएंगे जिससे सदस्य महासंघ इसके अनुसार तैयारी कर सकें।'' इससे पहले भारत ने दो महाद्वीपीय चैंपियनशिप और छह आईएसएसएफ प्रतियोगिताओं की मेजबानी की थी जिसमें दो विश्व कप फाइनल प्रतियोगितायें और चार सीनियर आईएसएसएफ विश्व कप शामिल हैं। साल 2023 में सीनियर विश्व कप भी भारत में हुआ था!

# व्यापार

## साप्ताहिक शेयर समीक्षा: 3 सप्ताह की गिरावट के बाद मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** लगातार 3 सप्ताह तक गिरावट का सामना करने के बाद 7 मार्च को खत्म हुए सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर बढ़त हासिल करके बंद होने में सफल रहा। सोमवार से शुक्रवार तक यानी 3 से 7 मार्च तक के कारोबार के बाद बीएसई का सेंसेक्स 1,134.48 अंक यानी 1.54 प्रतिशत बढ़ कर 74,332.58 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 427.80 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की मजबूती के साथ 22,552.50 अंक के स्तर पर पिछले सप्ताह के कारोबार का अंत किया। घरेलू बाजार की ये बढ़त इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले सप्ताह अमेरिका में टैरिफ वॉर और ट्रेड पॉलिसी को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण ग्लोबल मार्केट में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। शुक्रवार 7 मार्च को खत्म हुए सप्ताह में सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी का मेटल इंडेक्स 8.6 प्रतिशत उछल गया। इसी तरह निफ्टी के मीडिया इंडेक्स में 7.3 प्रतिशत और निफ्टी के एनर्जी इंडेक्स में 6 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके अलावा निफ्टी के ऑयल एंड गैस इंडेक्स 5.3 प्रतिशत तथा पीएसयू बैंक इंडेक्स 5 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। इस सप्ताह बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 14 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद बढ़ कर 398.24 लाख करोड़ रुपए (अस्थाई) हो गया। जबकि इसके पहले के सप्ताह इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 384.28 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद निवेशकों को करीब 13.96 लाख करोड़ रुपये का फायदा हो गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का लार्ज कैप इंडेक्स 2.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इस इंडेक्स में शामिल वेदांता, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, आरईसी, वरुण बेवरेजेस, सीमेंस और टाटा स्टील के शेयरों में 10 से लेकर 15 प्रतिशत तक की मजबूती दर्ज की गई। इसी तरह बीएसई के मिडकैप इंडेक्स में 3.32 प्रतिशत की साप्ताहिक मजबूती दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन, ग्लैक्सो स्मिथक्लाइन फार्मास्यूटिकल्स, कैस्ट्रोल इंडिया, जी इंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज, सीजी पावर, जिंदल स्टेनलेस, बायोकॉन, इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस और सुजलॉन एनर्जी के शेयरों में 10 से 13 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान सबसे अधिक तेजी बीएसई के स्मॉलकैप इंडेक्स में दर्ज की गई। ये इंडेक्स 6.02 प्रतिशत उछल कर बंद होने में सफल रहा। इस इंडेक्स में शामिल कॉफी डे एंटरप्राइजेज, भारत वायर रोप्स, मैन इंडस्ट्रीज (इंडिया), त्रिवेणी टरबाइन, वाडीलाल इंडस्टरीज, संदूर मैंगनीज, अलीवस लाइफ साइंसेज, अनुपम रसायन इंडिया, हिम्मतसिंगका सेडे, विंडलॉस बायोटेक, पीटीसी इंडस्ट्रीज, ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन, सन फार्मा एडवांस्ड रिसर्च कंपनी, एनएसीएल इंडस्ट्रीज, और जेन टेक्नोलॉजीज के शेयरों में 20 से 40 प्रतिशत तक की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर, ईकेआई एनर्जी सर्विसेज, जिंदल वर्ल्डवाइड, जेनसोल इंजीनियरिंग और सूरतवाला बिजनेस ग्रुप के शेयरों में 22 से लेकर 40 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई।

## शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च




**नई दिल्ली।** अल्ट्रावॉयलेट कंपनी ने टेसेरैक्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर के साथ शॉकवेव इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल भी लॉन्च की है। मोटरसाइकिल की तरह, स्कूटर के लिए भी 999 रुपये में प्री-बुकिंग शुरू हो गई है और इसकी डिलीवरी 2026 की शुरुआत में शुरू होगी। शॉकवेव की कीमत पहले 1,000 ग्राहकों के लिए 1.50 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। उसके बाद, कीमत बढ़कर 1.75 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) हो जाएगी। शॉकवेव अल्ट्रावॉयलेट के लाइट मोटरसाइकिल प्लेटफॉर्म में प्रवेश का प्रतीक है। कंपनी दो और इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बेचती है - एफ77 सुपरस्ट्रीट और एफ77 मैक 2। शॉकवेव की 14.5बीएचपी मोटर 3.5केडब्ल्यूएच बैटरी से जुड़ी है। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल के पिछले पहिये पर 505 एनएम का टॉर्क होने का दावा किया गया है। इसका वजन 120 किलोग्राम है। दावा किया जाता है कि शॉकवेव एक बार फुल चार्ज होने पर 165 किलोमीटर (आईडीसी) की रेंज देता है। यह महज 2.9 सेकंड में 0 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है, जबकि इसकी अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटे बताई जाती है। शॉकवेव में डुअल एलईडी हेडलैंप, चार ट्रैक्शन कंट्रोल मोड, स्विचेबल डुअल-चैनल एबीएस और रीजन के छह लेवल जैसे फीचर्स हैं। आगे (19-इंच) और पीछे (17-इंच) स्पोक व्हील हैं। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल दो रंगों में उपलब्ध है - कॉस्मिक ब्लैक और फ्रॉस्ट व्हाइट। अल्ट्रावॉयलेट के अनुसार, शॉकवेव की बैटरी सुपरनोवा के साथ 30 मिनट से भी कम समय में और बूस्ट चार्जर के साथ 50 मिनट में 20-80 प्रतिशत तक चार्ज हो सकती है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 देखा और खरीद लिया,यह कोई फ्रिज या वॉशिंग मशीन नहीं...अमेरिका के F-35 विमानों की खरीद पर बोले वायुसेना प्रमुख;चीन ने PAK को दिए 2 अरब डॉलर के लोन को चुकाने की अवधि एक साल के लिए बढ़ाई
2 रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला,25 से अधिक लोगों की मौत, जेलेंस्की को ट्रंप से पंगा लेना पड़ा महंगा
3 कर्नाटक में सीएम पद के लिए घमासान, खरगे बोले:साथ मिलकर काम करें सिद्धारमैया- शिवकुमार
4 पहलवान है,इसी तरह बोलेगा...संभल CO अनुज चौधरी के बचाव में CM योगी, होली वाले बयान पर था हंगामा
5 महिलाओं को एक हत्या करने से छूट दी जाए...शरद पवार की पार्टी के नेता ने राष्ट्रपति से ये मांग की
6 राजस्थान में पहली बार...जहां चर्च था, मंदिर बनेगा,ईसाई धर्म के क्रॉस की जगह भगवान की प्रतिमा, बाइबल की जगह जय श्रीराम के नारे
7 होली मिलन में रविशंकर के पैर छूने झुके नीतीश, VIDEO,BJP सांसद ने मुख्यमंत्री को रोका, JDU नेता ने भी हाथ पकड़ा;CM ने फिर गले लगाया
8 मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सफल महिलाओं को सौंपे
9 अपने सपनों का पीछा करें लड़कियां, शतरंज खिलाड़ी वैशाली ने प्रधानमंत्री के एक्स'अकाउंट पर लिखा
10 संसद में किए गए वादे से बंधी है सरकार,जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने पर बोले फारूक अब्दुल्ला
11 ओडिशा में महिलाओं के हितों के लिए खुद को चैंपियन बताते हुए माझी और पटनायक ने एक दूसरे पर लगाए आरोप,हुई तीखी नोकझोंक
12 राहुल गांधी ने कहा:भाजपा के लिए काम करने वाले कांग्रेस नेताओं को छांटने की जरूरत,दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी
13 Pakistan: वाट्सएप ग्रुप से निकाला तो पाकिस्तान में एडमिन की गोली मारकर हत्या,हमलावर फरार;पुलिस कर रही तलाश
14 साल की पहली लोक अदालत में निपटाए गए डेढ़ करोड़ से अधिक मामले,खिल उठे लोगों के चेहरे
15 गुजरात दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी पर भाजपा का तीखा हमला,कहा:वे विदेश में किससे मिलते हैं बताएं
16 कर्नाटक में इजराइली पर्यटक और होमस्टे मालिक के साथ बलात्कार,पुरुष मित्र की हुई हत्या
17 धर्मांतरण कराने वालों को मिलेगी फांसी की सजा! CM मोहन यादव का बड़ा ऐलान
18 पंजाब के लुधियाना में जोरदार धमाका,बिल्डिंग गिरी, कई लोग मलबे में दबे
19 IND vs NZ Weather Forecast: फाइनल मैच के दौरान बादल छाए रहने की संभावना,बारिश डालेगी खलल?
20 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल:न्यूजीलैंड ने भारत के सामने रखा 252 रन का लक्ष्य
21 चैंपियंस ट्रॉफी: न्यूजीलैंड को सातवां झटका,8 रन बनाकर आउट हुए सैंटनर
22 बिहार चुनाव की तैयारियों में जुटी कांग्रेस,12 मार्च को राहुल से मुलाकात करेंगे राज्य प्रभारी कृष्णा अल्लावारु
23 चैंपियंस ट्रॉफी: वरुण चक्रवर्ती ने फिलिप्स को भेजा पवेलियन,165 रन पर न्यूजीलैंड की आधी टीम आउट
24 चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल:जडेजा ने दिलाई भारत को चौथी सफलता,14 रन बनाकर आउट हुए टॉम लेथम
25 मुंबई:नागपाड़ा इलाके में पानी की टंकी साफ कर रहे थे मजदूर,चार की दम घुटने से मौत
26 गुजरात के कई हिस्सों में अगले 3-4 दिनों तक तापमान 40-42 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना
27 PM मोदी से मिले सीएम योगी,प्रदेश अध्यक्ष के नामों और मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर हुई चर्चा
28 कर्नाटक:विदेशी पर्यटक रेप कांड में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार
29 नीतीश के नेतृत्व में 50 लाख रोजगार देने जा रहे,बोले बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी
30 चैंपियंस ट्रॉफी: भोपाल में फैंस ने भारत की जीत के लिए मांगी दुआ,इंडियन टीम के लिए रखा रोजा
31 रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के खिलाफ पत्नी की शिकायत पर दिल्ली में FIR दर्ज
32 पटना:आज प्रदेश कार्यालय पर बीजेपी-नीतीश सरकार के खिलाफ धरना दी RJD
33 उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ AIIMS में भर्ती,सीने में दर्द की शिकायत
34 अमेरिका: कैलिफोर्निया में BAPS हिंदू मंदिर में तोड़फोड़
35 न्यूयॉर्क:जंगल में आग लगने के बाद लोगों को निकालने के लिए कहा गया है
36 मुंबई के मरोल इलाके में गैस पाइपलाइन में लीकेज, कई वाहन जलकर राख,तीन घायल
37 पानीपत नगर निगम के लिए मतदान आज,12 मार्च को घोषित होंगे परिणाम
38 प्रयागराज जिले में 24 फरवरी को होने वाली यूपी बोर्ड की परीक्षाएं आज हुई
39 त्रिपुरा में विशाल रैली करेगी भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार
40 जयपुर में IIFA 2025 कार्यक्रम का आयोजन आज;अर्मेनियाई विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान 9 से 11 मार्च तक भारत आएंगे;US ने भारत-पाक सीमा, बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा के पास यात्रा न करने की एडवाइजरी जारी की



# 'छावा' की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई जारी

अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' रिलीज के बाद से ही दर्शकों के दिलों पर छाई हुई है। इस फिल्म को न सिर्फ समीक्षकों की तारीफें मिली हैं, बल्कि बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिलीज के तीन हफ्ते पूरे हो चुके हैं, लेकिन 'छावा' की कमाई का सिलसिला अब भी जारी है। फिल्म के 22वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े सामने आए हैं और एक बार फिर यह फिल्म शानदार कमाई करने में सफल रही है। बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट-सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म 'छावा' ने रिलीज के 22वें दिन 8.75 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया। हिंदी वर्जन में फिल्म ने 6.25 करोड़ रुपये, जबकि तेलुगु वर्जन में 2.5 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ, 'छावा' की कुल कमाई 22 दिनों में 492.03 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। तीसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई में गिरावट देखने को मिली थी, लेकिन चौथे हफ्ते की शुरुआत के साथ ही फिर से ग्रोथ दर्ज की गई है। वही फिल्म की वर्ल्डवाइड कमाई की बात करे तो फिल्म अब तक 682.35 करोड़ रुपये की कमाई ली है, जिससे यह 2025 की सबसे ज्यादा कमाने वाली भारतीय फिल्मों में शामिल हो गई है। 'छावा' बनी 2025 की सबसे बड़ी हिट, 'सिकंदर' दे सकती है टक्कर-विक्की कौशल की 'छावा' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी हुई है। फिल्म के जबरदस्त प्रदर्शन को देखते हुए माना जा रहा है कि सलमान खान की 'सिकंदर' ही इसे कड़ी टक्कर दे सकती है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में विक्की कौशल ने छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र, छत्रपति संभाजी महाराज का दमदार किरदार निभाया है। फिल्म में रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा, विनीत कुमार, दिव्या दत्ता और डायना पेंटी जैसे शानदार कलाकार भी नजर आए हैं। 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' को मिली तारीफ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉपरीमा कागती के निर्देशन में बनी 'सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव' एक शानदार फिल्म है, जो स्टार पावर से परे कहानी और दमदार अभिनय के दम पर दिल जीतती है। असल जिंदगी की घटनाओं से प्रेरित इस फिल्म ने अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में जबरदस्त सराहना बटोरी, लेकिन भारतीय दर्शकों ने सिनेमाघरों में इसे देखने में खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। 28 फरवरी को रिलीज हुई यह फिल्म पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर कमजोर साबित हुई और अब इसके कलेक्शन की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है।

# पर्दे से लेकर निजी जीवन तक, माधुरी दीक्षित ने किए दिलचस्प खुलासे



राजस्थान की गुलाबी नगरी इस समय बॉलीवुड की चकाचौंध में सराबोर है। मुंबई से दूर, फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा हिस्सा इन दिनों जयपुर में जुटा हुआ है। आईफा अवॉर्ड्स 2025 का भव्य आयोजन 8 मार्च से शुरू हो रहा है, लेकिन इसका उत्साह 7 मार्च से ही नजर आने लगा था। आईफा की पूर्व संध्या पर भारतीय सिनेमा में महिलाओं की भूमिका और उनके सफर पर एक खास चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में दिग्गज अभिनेत्री माधुरी दीक्षित और प्रसिद्ध फिल्म निर्माता गुनीत मोंगा ने अपनी महत्वपूर्ण राय शेयर की। माधुरी दीक्षित ने भारतीय सिनेमा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जाहिर की, उन्होंने कहा, "हमारे जमाने में फिल्म सेट पर सिर्फ हमारी सह-अभिनेत्रियां और हेयर ड्रेसर हुआ करती थीं। किसी भी विभाग में महिलाएं नजर नहीं आती थीं। उस दौर में महिला निर्देशक का होना भी बहुत बड़ी बात थी, क्योंकि इंडस्ट्री में महिलाओं की उपस्थिति बेहद सीमित थी। लेकिन जब मैं काफी समय बाद सेट पर लौटी, तो हर विभाग में महिलाओं को काम करते देखा। यह बदलाव देखकर गर्व महसूस होता है।" माधुरी ने अपनी निजी जिंदगी को लेकर खुलकर बात की-उन्होंने कहा, "जब मेरी शादी नहीं हुई थी, तब मैं खूब काम करती थी। मैं दिन में 3-3 शिफ्ट में शूटिंग किया करती थी। लेकिन शादी के बाद मैंने अपनी जिंदगी को पूरी तरह जिया है। आज मैं अपने पति और बच्चों के साथ जो जिंदगी जी रही हूं, वो किसी सपने से कम नहीं है।" माधुरी ने महिला प्रधान फिल्मों को लेकर कहा, "एक समय था जब मैंने 'मृत्युदंड' और 'बेटा' जैसी कई महिला केंद्रित फिल्में कीं। 'मृत्युदंड' करते समय कई लोगों ने मुझे कमर्शियल सिनेमा करने की सलाह दी, लेकिन मैंने यह फिल्म इसलिए की क्योंकि इसमें महिला सशक्तीकरण की बात की गई थी। आज यह देखकर खुशी होती है कि कई ऐसी फिल्में बन रही हैं, जिनकी कहानियों का केंद्र महिलाएं हैं। यह बदलाव एक दिन में नहीं आया, बल्कि इसके लिए लंबा सफर तय करना पड़ा है।" माधुरी ने अपने सुपरहिट गाने पर किया डांसउन्होंने कहा, "इस बदलाव के पीछे कई उन फिल्मों और अभिनेत्रियों का हाथ है, जो लंबे समय से दमदार किरदार निभाती आ रही हैं। साथ ही, वे महिलाएं भी इस बदलाव की वजह हैं, जो पर्दे के पीछे मेहनत कर रही हैं।" इवेंट खत्म होने के बाद माधुरी ने अपने सुपरहिट गाने 'एक-दो-तीन' पर शानदार डांस भी किया। इस साल आईफा अवॉर्ड में माधुरी दीक्षित परफॉर्म करने वाली हैं। उनके अलावा शाहरुख खान, करीना कपूर और शाहिद कपूर भी मंच पर धमाल मचाएंगे।

# 18 साल बाद मिले करीना कपूर-शाहिद कपूर




इस साल का आईफा अवॉर्ड समारोह राजस्थान में आयोजित किया गया है। इस समारोह के लिए बॉलीवुड हस्तियां राजस्थान पहुंच रही हैं। वहां से कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए जा रहे हैं। इनमें से एक वीडियो ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा है। यह वीडियो करीना कपूर और शाहिद कपूर का है। शाहिद और करीना का ब्रेकअप 18 साल पहले हो गया था। ब्रेकअप के बाद एक-दूसरे के साथ काम करना तो दूर, एक-दूसरे से मिलना भी नहीं चाहते थे, अब एक-दूसरे को गले लगाते और बातें करते नजर आ रहे हैं। 'जब वी मेट' के प्रशंसक इस वीडियो को देखकर हैरान हैं। शाहिद और करीना का यह वीडियो देखकर फैंस काफी खुश हैं। वे इस वीडियो पर टिप्पणी कर रहे हैं। 'गीत और आदित्य आखिरकार फिर से एक हो गए,' 'इन दोनों को साथ देखकर बहुत अच्छा लग रहा है,' 'इन दोनों को देखकर मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गए,' इस तरह के कमेंट करीना और शाहिद के इस वीडियो पर देखने को मिल रहे हैं।

'जब वी मेट' की शूटिंग के दौरान हुआ था करीना-शाहिद का ब्रेकअप- करीना और शाहिद का ब्रेकअप 17 साल पहले इम्तियाज अली की फिल्म 'जब वी मेट' की शूटिंग के दौरान हुआ था। इस फिल्म के बाद दोनों को एक बार फिर फिल्म 'उड़ता पंजाब' में देखा गया, जो 2016 में रिलीज हुई थी। लेकिन उनके सीन एक दूसरे के साथ नहीं थे। शाहिद और करीना अक्सर एक ही कार्यक्रम में शामिल होते थे, लेकिन वे एक-दूसरे से बात करने या एक-दूसरे को देखने से भी बचते थे। अब कई सालों बाद दोनों को एक साथ फोटो में देखकर फैंस खुश हैं।



# हमने कंटेंट-ड्रिवेन सिनेमा को प्राथमिकता दी : यामी गौतम

बालीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने बताया कि उन्होंने हमेशा कंटेंट-ड्रिवेन सिनेमा को प्राथमिकता दी है। मीडिया से यामी गौतम ने कई मुद्दों पर खुलकर बात की। इस दौरान बताया कि उन्होंने बड़े बजट की फिल्मों को ना करने का फैसला क्यों लिया और ऐसी फिल्में क्यों ठुकरा दिया। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी किसी बड़ी फिल्म को अच्छी स्क्रिप्ट की कमी के कारण ठुकराया है, तो यामी ने कहा, हां। हालांकि, उन्होंने उस प्रोजेक्ट का नाम नहीं बताया, जिसे उन्होंने ठुकराया था। अपने निर्णय पर विचार करते हुए यामी ने बताया, हर निर्णय सोच-समझकर लिया जाता है। व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों ही तरह से मैं उन प्रोजेक्ट पर समय बिताने के लिए आभारी हूं जो वास्तव में मेरे साथ जुड़ते हैं, मैं कहानी के साथ जुड़ती हूं। अभिनेत्री ने अपने दर्शकों से मिले सम्मान और प्रशंसा के लिए आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझे ख़ुशी है कि दर्शक इसका सम्मान करते हैं और वे फिल्म के पैमाने के बजाय मेरे काम के लिए मेरी सराहना करते हैं। यामी गौतम ने यह भी बताया कि वह कैसी स्क्रिप्ट पसंद करती हैं। अभिनेत्री ने बताया, मैं अपने नॉलेज और अभिनय पर भरोसा करती हूं। मैं कोशिश करती हूं कि बहुत अधिक सहज ना हो जाऊं। मैं बहुत अधिक विश्लेषण नहीं करती। स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद चाहे वह मुझे उत्साहित करे या चुनौती दे, यही मेरे काम करने या ना करने के निर्णय को तैयार करती है। मैं ऐसी भूमिकाओं को निभाने में भरोसा करती हूं जो मेरी सीमाओं को आगे बढ़ाती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री हाल ही में फिल्म 'धूम धाम' में दिखाई दी थीं, जिसमें उन्होंने एक सुशील और संस्कारी कोयल चड्ढा की भूमिका निभाई।

# मेरा जीवन एक खुली किताब की तरह है: नयनतारा



मुंबई (ईएमएस)। अभिनेत्री नयनतारा ने सभी से अपील की है कि वे उन्हें सिर्फ नयनतारा के नाम से संबोधित करें, न कि लेडी सुपरस्टार के रूप में। नयनतारा ने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में मेरी यात्रा के दौरान जो मुझे सफलता मिली और मुझे जो खुशी मिली मैं उसके लिए तहे दिल से धन्यवाद करती हूं। उन्होंने कहा, मेरा जीवन एक खुली किताब की तरह है, जिसे बिना किसी शर्त के प्यार और स्नेह से सजाया गया है। चाहे मेरी मेरी सफलता हो या फिर मुश्किल भरा दौर, मुझे सहारा देने के लिए आप हमेशा मेरे साथ खड़े रहे। अभिनेत्री ने कहा कि कई लोगों ने उन्हें लेडी सुपरस्टार के नाम से पुकारा है, जो उनके अपार स्नेह की वजह से मिला नाम है। उन्होंने कहा, मुझे इस तरह के नाम से नवाजने के लिए मैं आप सभी की बहुत आभारी हूं। हालांकि, मैं आप सभी से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करती हूं कि मुझे नयनतारा कहकर पुकारें। ऐसा इसलिए क्योंकि मुझे लगता है कि यह नाम मेरे दिल के सबसे करीब है। यह दर्शाता है कि मैं कौन हूं - न केवल एक अभिनेत्री के रूप में बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी।<अभिनेत्री ने यह भी बताया कि उपाधियां और प्रशंसाएं अमूल्य हैं, लेकिन वे कभी-कभी ऐसी छवि भी बना देती हैं, जो सितारों को उनके काम, उनकी कला और दर्शकों के साथ उनके बिना शर्त वाले बंधन से अलग कर देती हैं। मेरा मानना है कि हम सभी प्यार की भाषा साझा करते हैं, जो हमें सभी सीमाओं से परे जोड़े रखती है। मुझे बहुत खुशी है कि आपका अटूट समर्थन निरंतर बना रहेगा, और इसलिए आपका मनोरंजन करने के लिए मेरी कड़ी मेहनत भी जारी रहेगी। सिनेमा ही है जो हमें एकजुट रखता है, आइए हम इसे एक साथ मनाते रहें।



# नैतिक मूल्यों से कभी नहीं किया समझौता : कृतिका कामरा

बॉलीवुड अभिनेत्री कृतिका कामरा ने अपने एक्टिंग करियर और इंडस्ट्री में अपने सफर को लेकर बेबाकी से अपनी राय रखी है। कृतिका ने कहा कि मैने कभी भी बड़ा बनने के लिए अपनी आत्मा को नहीं बेचा और न ही अपने नैतिक मूल्यों से कोई समझौता किया। कृतिका के मुताबिक, उन्होंने हमेशा अपने करियर में उन विकल्पों को प्राथमिकता दी है जिन पर उन्हें गर्व हो। कृतिका ने कहा कि उनके लिए एक्टिंग सिर्फ चमक-धमक और लोकप्रियता हासिल करने का जरिया नहीं है, बल्कि यह उन कहानियों को दर्शाने का एक मंच है, जो लोगों से जुड़ें और उन पर एक गहरी छाप छोड़ें। कृतिका ने आगे बताया कि इंडस्ट्री में बने रहना और अपने मूल्यों को बचाए रखना आसान नहीं होता, क्योंकि यहां कई बार ट्रेंड और बाहरी दबाव के कारण कलाकारों को ऐसे फैसले लेने पड़ते हैं, जो वे नहीं लेना चाहते। लेकिन उन्होंने हमेशा अपने उसूलों के साथ काम किया और वही किरदार चुने जो उनके व्यक्तित्व और सोच को दर्शाते हैं। कृतिका का मानना है कि सफलता का मतलब सिर्फ प्रसिद्धि हासिल करना नहीं होता, बल्कि अपने काम से संतुष्ट होना और रात को सुकून की नींद लेना भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने बताया कि वह कभी भी इंडस्ट्री के दबाव में आकर फैसले नहीं लेतीं और अपनी पसंद के हिसाब से ही प्रोजेक्ट्स को चुनती हैं। उनके लिए यह मायने रखता है कि उनकी फिल्मों और सीरीज की कहानियां लोगों तक सही संदेश पहुंचाएं और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालें। कृतिका जल्द ही वेब सीरीज मटका किंग में नजर आने वाली हैं, जिसमें विजय वर्मा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह सीरीज मुंबई में मटका जुए की दुनिया और उससे जुड़े किरदारों की कहानी दिखाएगी। इस प्रोजेक्ट को लेकर कृतिका काफी उत्साहित हैं, क्योंकि इसमें उन्हें अपने अभिनय कौशल को एक नए अंदाज में पेश करने का मौका मिलेगा। उन्होंने यह भी साझा किया कि उन्होंने हमेशा साहसिक फैसले लिए हैं और उन प्रोजेक्ट्स से दूर रही हैं जो सिर्फ पुरुषों की नजर को ध्यान में रखकर बनाए जाते हैं। कृतिका का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाओं के लिए अच्छी कहानियों की कमी नहीं है, लेकिन कलाकारों को अपने काम को लेकर ईमानदार रहना जरूरी है।

# ऑस्कर 2025 आफ्टर-पार्टी में नोरा फतेही ने बिखेरा जलवा



ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही ने ऑस्कर 2025 आफ्टर-पार्टी में अपने हुस्न का जलवा बिखेरा। उन्होंने फर्नांडो जे गार्सिया द्वारा डिज़ाइन किए गए एक लुभावने ऑस्कर डे ला रेंटा गाउन में ऑस्कर 2025 आफ्टर-पार्टी की शोभा बढ़ाई। आधुनिक ग्लैमर के साथ परिष्कार को सहजता से मिलाते हुए, उन्होंने आते ही सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया, उनकी खूबसूरती और आत्मविश्वास देखते ही बनता था। गोल्डन मास्टरपीस में लिपटी नोरा का लुक मंत्रमुग्ध करने वाला था, जिसे इंटरनेशनल स्टाइलिस्ट माहेर जरीदी ने परफेक्शन के साथ स्टाइल किया था। गाउन की बारीक कढ़ाई और डिजाइन ने उनकी ग्लैमरस पर्सनालिटी को और भी बेहतरीन बना दिया, जिससे वह उस रात की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट पर अपनी शानदार उपस्थिति के अलावा, नोरा वैश्विक मंच और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। उनकी नवीनतम फिल्म बी हैप्पी जल्द ही रिलीज़ होने वाली है, जिसने प्रशंसकों के बीच काफ़ी उत्साह बढ़ा दिया है। इसके अलावा, उनकी वैश्विक हिट स्नेक ने 100 मिलियन से ज़्यादा व्यूज़ पार कर लिए हैं, जिससे उनकी स्थिति दुनिया भर में और भी मज़बूत हो गई है। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और कलात्मक प्रतिभा के लिए पहचानी जाने वाली नोरा का प्रभाव संगीत, फ़िल्म और फ़ैशन तक फैला हुआ है, जो उन्हें आज वैश्विक मंच पर सबसे प्रभावशाली हस्तियों में से एक बनाता है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।